दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




रणबीर की रामायणम करेगी....



परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग


वर्ष : 12 | अंक : 184 | लखनऊ, 28 जून, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### छोटे चाय उत्पादकों को मिलेगी किसान आईडी



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने घोषणा की है कि असम में छोटे चाय उत्पादक अब किसान पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण करा सकेंगे। सरकार के अलग-अलग लाभों का फायदा उठा सकेंगे। किसानों को किसान आईडी जारी की जाएगी। वे उर्वरक, सरकारी योजनाओं के लाभ, कर्ज और अन्य कृषि सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### 300 फीट नीचे नाले में गिरी कार, 4 की मौत



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश में चंबा जिला के जनजातीय उपमंडल भरमौर में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। सामरा-उरेई लिंक रोड पर सारणी का नाला के समीप एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में लुढ़कते हुए नाले में जा गिरी।कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार 3लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 2 अन्य घायल हो गए।

### जोधपुर एयरपोर्ट का 4 को मोदी करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जोधपुर में 35 वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षित नया एयरपोर्ट टर्मिनल अब जनता की सेवा के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई को नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे।नई दिल्ली से जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में शेखावत ने यह बात कही।

### यूपीएससी की सीधी भर्ती के लिए आवेदन 17 तक



**नई दिल्ली।** यूपीएससी ने भारत सरकार के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया है। विज्ञापन में पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए हैं।

### बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत, मां-बेटा घायल



**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के एनएच-334 स्थित टियाला अंडरपास के पास शनिवार की सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक कार के नीचे आ गई और कार हाईवे पर पलट गई। बाइक सवार जिला गाजियाबाद के गांव बम्हेटा निवासी विनोद उर्फ बबली (35) व उनके पुत्र प्रियांश (11) की मौके पर ही मौत हो गई।

---

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने गुजरात में लॉन्च की 'भारत टैक्सी सर्विस'

# देश के पहले राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म में ड्राइवर्स के पास होगा सीधे तौर पर 'मालिकाना हक'

### ट्रांसपोर्टेशन एक्सेसिबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा



**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,**

निजी कैब कंपनियों की मनमानी और कैंसिलेशन की समस्याओं के सामधान के लिए केंद्र सरकार ने समाधान निकाला है। अब इस समस्या का एक नया और ठोस समाधान 'को-ऑपरेटिव मॉडल' (सहकारी ढांचे) के जरिए सामने आया है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात में भारत टैक्सी सर्विस को आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह भारत का पहला ऐसा राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है, जिसका मालिकाना हक सीधे तौर पर इसे चलाने वाले ड्राइवर्स के पास होगा। भारतीय मोबिलिटी सेक्टर में इस पहल को ट्रांसपोर्टेशन एक्सेसिबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। शाह ने कहा कि इससे कई समस्याओं से छुटकारा मिलेगा, सात ही नागरियों को कई फायदे भी मिलेंगे। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के साथ ही कई जन प्रतिनिधि शामिल रहे।

**गुजरात राज्य के 14 प्रमुख शहरों में शुरू किया**

**निजी कैब कंपनियों की मनमानी कैंसिलेशन होगी खत्म**

#### 'को-ऑपरेटिव मॉडल' से लोगों को दिया जा रहा लाभ



भारत सेवा टैक्सी लॉन्चिंग के कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह और सीएम पटेल व अन्य

**पूरे गुजरात में माह में चलेंगी**

लॉन्चिंग के पहले चरण में इस सेवा को गुजरात राज्य के 14 प्रमुख शहरों में शुरू किया गया है। सरकार और सहकारिता मंत्रालय का लक्ष्य बेहद आक्रामक है; उन्होंने अगले एक महीने के भीतर इस सर्विस के ऑपरेशंस का विस्तार पूरे गुजरात राज्य में करने की योजना बनाई है।

#### अब हर घर तक पहुंच होगी आसान

लॉन्चिंग कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास के साथ-साथ टैक्सी सेवाओं की मांग में भारी बढ़ोतरी हुई है और आज यह जरूरत हर घर तक पहुंच गई है। उन्होंने साफ किया कि प्राइवेट सेक्टर की टैक्सी सेवाओं में कई तरह की दिक्कतें उभर कर सामने आ रही थीं, जिससे परेशान होकर आम जनता और ड्राइवर्स दोनों ने ही उनसे मुलाकात कर समाधान की उम्मीद जताई थी। इसी वजह से एक नए सहकारी ढांचे को विकसित करने का निर्णय लिया गया।

#### इससे शोषणमुक्त होंगे लोग

गृहमंत्री शाह ने कहा कि जब यह मुद्दा सामने आया, तो शुरुआत में यह विचार भी आया था कि सरकार को प्राइवेट कैब कंपनियों को नियंत्रित करने के लिए एक नया कानून बनाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल एक नया कानून बना देना किसी भी समस्या का 100 प्रतिशत समाधान नहीं हो सकता। यही कारण है कि सिर्फ कानूनी बंदिशों पर निर्भर रहने के बजाय सरकार ने एक ऐसा बिजनेस मॉडल तलाशने का फैसला किया जो बुनियादी रूप से ही शोषण से मुक्त हो।

#### कैब सेक्टर से शोषण आधारित व्यापार पर लगेगी बंदिश

इस बिजनेस मॉडल के पीछे का सबसे बड़ा विचार कैब सेक्टर से शोषण-आधारित व्यापार को खत्म करना है। जब टैक्सी सर्विस को-ऑपरेटिव मॉडल पर चलेगी, तो मुनाफे और कंट्रोल का एक बड़ा हिस्सा सीधे ड्राइवर्स के पास रहेगा, जिससे प्राइवेट कंपनियों द्वारा होने वाला शोषण खुद ही कम होने लगेगा। शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत ने सहकारिता के माध्यम से कई अन्य सेक्टर्स में शानदार सफलता हासिल की है, इसलिए यही मॉडल टैक्सी सेक्टर की समस्याओं का भी एक सार्थक और प्रभावी समाधान बन सकता है। लब्बोलुआब यह है कि 'भारत टैक्सी' का यह नया प्रयोग भारतीय मोबिलिटी सेक्टर के लिए एक बहुत बड़ा कदम है। अगर गुजरात में यह पायलट प्रोजेक्ट सफलता हासिल करता है, तो यह देश भर में राइड-हेलिंग बिजनेस के तौर-तरीकों को हमेशा के लिए बदल सकता है।

---

### अस्पतालों-कोचिंग में अग्निकांड

## सुप्रीम कोर्ट में कानून बनाने की मांग, सुरक्षा इंतजाम किए जाएं



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

देश में बार-बार होने वाले भीषण अग्निकांडों पर अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस में केंद्र सरकार को देश भर के उच्च जोखिम वाले सार्वजनिक परिसरों के लिए एक राष्ट्रीय अग्नि और जीवन सुरक्षा ढांचा तैयार करने का निर्देश देने की मांग की गई है, साथ ही केंद्र सरकार पूरे देश के लिए एक मजबूत फायर सेफ्टी कानून बनाए। यह याचिका वकील नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने दायर की है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कोचिंग, हॉस्टल, होटल, रेस्तरां, मॉल और अस्पतालों के लिए एक सख्त नियम होना चाहिए। भारी भीड़ वाली इन जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बेहद जरूरी हैं।

#### 3 महीने में हो हर बिल्डिंग की जांच

याचिका में सभी राज्यों को एक बड़ा निर्देश देने की मांग की गई है। वकील ने कहा कि 3-4महीने के भीतर सभी राज्यों में फायर ऑडिट होना चाहिए। खासकर कोचिंग हब, स्कूल, अस्पताल और मॉल की जांच पहले हो। दिल्ली और लखनऊ में दो बड़े हादसे हुए। याचिका में इन हादसों का जिक्र है। वकील ने कहा कि देश में एक जैसा कड़ा कानून नहीं है। इसी वजह से बार-बार ऐसी लापरवाही और मौतें हो रही हैं। याचिका में लिखा है, हादसे के बाद सिर्फ कमेटी बनाना काफी नहीं है। हर नागरिक को जीने का अधिकार देता है। सरकार का काम केवल शोक मनाना नहीं, बल्कि हादसों को रोकना है।कोर्ट से कहा गया है कि सभी राज्य एक लिस्ट सौंपें। अदालत को बताया जाए कि कितनी बिल्डिंग बिना फायर एनओसी के चल रही हैं।

#### याचिका की 5 सबसे बड़ी बातें

- राष्ट्रीय स्तर पर बने कड़ा नियमः पूरे देश के सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले परिसरों के लिए एक समान और राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा ढांचा तैयार किया जाए।
- 3-4महीने में हो विशेष ऑडिटः सभी राज्यों में स्कूल, कोचिंग, अस्पताल, होटल और मॉल का समय सीमा के भीतर सघन फायर ऑडिट हो।
- अवैध निर्माणों पर लगे तुरंत रोकः बिना मंजूरी के चल रहे बेसमेंट, छतों, अस्थायी ढांचों और अवैध मंजिलों पर क्लासरूम, लाइब्रेरी या रेस्तरां चलाने पर पूरी तरह पाबंदी हो।
- दोषी अफसरों की तय हो जवाबदेहीः बिना फायर एनओसी के खतरनाक इमारतों को चलने देने वाले सरकारी अधिकारियों पर सीधे क्रिमिनल केस दर्ज किया जाए।
- हादसों के सबूत रखे जाएं सुरक्षितः मालवीय नगर और अलीगंज जैसे हालिया हादसों के सीसीटीवी फुटेज, एनओसी और निरीक्षण रिकॉर्ड को तुरंत सील कर सुरक्षित करें।

---

### मंत्री नड्डा आज करेंगे शुभारंभ

## ई-सुश्रुत क्लीनिक से छोटे स्वास्थ्य केंद्र होंगे डिजिटल

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

देश में छोटे क्लीनिकों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के डिजिटलीकरण को नई गति मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा 29 जून को 'ई-सुश्रुतएट द रेट क्लीनिक' का शुभारंभ करेंगे। यह सी-डैक द्वारा विकसित हल्का, किफायती और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सक्षम हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम है।



#### किफायती डिजिटल समाधान तैयार किया

देश के अनेक छोटे क्लीनिक अब भी मरीजों के पंजीकरण, बिलिंग और रिकॉर्ड प्रबंधन जैसे कार्य मैनुअल तरीके से करते हैं। सी-डैक ने इसे विकसित किया है, जो सरल, क्लाउड आधारित और कम लागत वाला डिजिटल समाधान उपलब्ध कराएगा। इसे सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, उप-केंद्रों और निजी क्लीनिकों में उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

### बेंगलुरु में युवती का अपहरण

## जिंदा जला अगवा करने वाला महिला, चालक कूदकर भागे

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



कर्नाटक के तुमकुरु जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक चलती कार अचानक जोरदार धमाके के साथ आग का गोला बन गई। हादसे में कार के भीतर युवक जलकर कंकाल बन गया। पुलिस को आशंका है कि यह आत्मघाती कदम था और युवक ने कार के भीतर ही किसी विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। धमाके से ऐन पहले एक महिला और कार चालक कूदकर जान बचाई।

#### जानलेवा हमला और फिर जोरदार धमाका

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 30 वर्षीय नागेंद्र के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि नागेंद्र ने बेंगलूरू के जयानगर स्थित सिद्धापुरा इलाके से एक कार बुक की थी। आरोप है कि उसने राम्या नाम की एक महिला को जबरन कार में बैठाया और उसका अपहरण कर लिया।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब की बेटी शर्मिष्ठा ने लेख साझा कर किया दावा

## मेरे पिता का मानना था मोदी से पहले किसी भी प्रधानमंत्री को सीधे जनादेश नहीं मिला

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी की बेटी और कांग्रेस की पूर्व नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने एक लेख में दावा किया है कि उनके दिवंगत पिता का मानना था कि नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्हें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में जनता से सीधे जनादेश मिला। उन्होंने लिखा कि पहले नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक कोई भी प्रधानमंत्री सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नहीं चुना गया था।

#### किसी पूर्व प्रधानमंत्री को नहीं मिला यह श्रेय



#### दोनों में अच्छे संबंध रहे

मुखर्जी ने लिखा- लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री को लेकर बहस के बीच मुझे प्रणब जी की 2014 में मोदी की जबरदस्त जीत पर कही गई दिलचस्प बात याद आती है। उस समय बाबा भारत के राष्ट्रपति थे।

**3 दशकों के बाद किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत**

उन्होंने कहा कि 3दशकों के बाद किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है। तब बाबा ने प्रोफेसर वाले अंदाज में पूछा, और क्या? जब मोदी जी चुप रहे, तो बाबा ने बताया कि 2014 का चुनाव इतिहास में अनोखा था।

---

### 2 अलग-अलग मामलों में हाईकोर्ट ने दिया अहम फैसला

## माता-पिता के विवाद में बच्चों को नुकसान, जबरन 'पिस' रहे

### चाइल्ड कस्टडी मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

दिल्ली हाई कोर्ट ने एक चाइल्ड कस्टडी मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का सबसे अधिक नुकसान बच्चों को उठाना पड़ता है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कस्टडी से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी या बच्चे को दूसरे अभिभावक को सौंपने में टालमटोल करने से नाबालिग को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ता है। इसी के साथ हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।



#### अदालत के चक्कर लगाना बच्चे के लिए नुकसानदायक

न्यायमूर्ति तेजस करिया और न्यायमूर्ति मधु जैन की खंडपीठ ने कहा कि कस्टडी विवादों में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बच्चे का कल्याण है। अदालत ने माना कि जब माता-पिता अपने विवाद के कारण बच्चे को समय पर दूसरे अभिभावक के पास नहीं भेजते, तो अंततः इसकी कीमत बच्चे को चुकानी पड़ती है। ऐसे मामलों में लगातार अदालत का रुख करना भी बच्चे के मानसिक विकास और भावनात्मक संतुलन के लिए उचित नहीं है।

**माता-पिता के साथ सार्थक समय बिताने का है हक**

पीठ ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को माता-पिता दोनों के साथ स्वस्थ और सार्थक संबंध बनाए रखने का अधिकार है। यदि छुट्टियों के दौरान कस्टडी देने में देरी करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया गया, तो इससे बच्चे के हितों के साथ अभिभावकों के साथ उसके संबंधों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

#### झारखंड हाईकोर्ट ने की प्रशासन पर तल्ख टिप्पणी

### चाय-बिस्कुट ले गया नौकर उसे निकालना असंवेदनशील



**रांची।** झारखंड के चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने संवेदनशील निर्णय सुनाते हुए एक संविदा चपरासी की बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त कर दिया है। चपरासी को बहाल करने,50% पिछला वेतन देने का निर्देश दिया है। उसने चाय- बिस्कुट निकाल लिया था।

### प्रोविजनल आंसर-की जारी

## नीट में ड्रॉप हो गया एक सवाल एवज में मिलेंगे 4 बोनस नंबर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

री-नीट परीक्षा का रिजल्ट आने से पहले ही छात्रों के 4 नंबर पक्के हो गए हैं। 21 जून को देशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच 5 हजार से अधिक केंद्रों पर आयोजिन हुई नीट परीक्षा की प्रोविजनल आंसर-की जारी हो गई है जिसमें फिजिक्स के एक सवाल को ड्रॉप कर दिया गया है। छात्रों को 4 मार्क्स का फायदा हुआ है। भले ही किसी ने इस सवाल को सॉल्व किया हो या नहीं। फिजिक्स के एक और सवाल पर विवाद था। माना जा रहा था कि एक सवाल के दो जवाब सही पाए गए। अब उन दोनों विकल्पों में से किसी को भी चुना होगा तो, उन्हें पूरे 4 नंबर मिलेंगे।



#### आंसर के चैलेंज का आज अंतिम दिन

एनटीए ने आंसर की जारी करते हुए उसमें से एक सवाल हटा दिया है लेकिन इसके साथ ही अगर किसी उम्मीदवार को किसी भी तरह की कोई दिक्कत है, तो वह उस सवाल के लिए चैलेंज कर सकते हैं।

## मोबाइल न मिलने पर नौवीं की छात्रा ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोबाइल न मिलने से नाराज कक्षा-9 की छात्रा ने भाई को कमरे में बंदकर फांसी लगा ली। परिजनों ने छात्रा को लटका देखा तो परिजनों ने उसे नीचे उतारा और सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर रहमतनगर गांव निवासी मोहम्मद शोएब पत्नी रीना, चार वर्षीय बेटी फरहीन और बेटे दाऊद के साथ रहते हैं। उनकी दूसरी बेटी रानी (13) नई बस्ती धनेवा गांव के पास ही स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी। शुक्रवार देर रात शोएब दादी के ऑपरेशन के चलते परिवार संग उनके घर गए थे। घर पर बेटी रानी और बेटा दाऊद थे।

भाई-बहन के बीच मोबाइल देखने को लेकर विवाद होने लगा। दाऊद ने मोबाइल छीन लिया तो गुस्से में रानी ने कमरे से निकलकर बाहर से दरवाजा बंद कर लिया। उसके बाद हॉल में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन ने रानी को फंदे से नीचे उतारा और मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## पांचवी मंजिल से गिरकर छात्र की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात एक निजी डिफेंस कॉलेज में कक्षा 12 की पढ़ाई करने वाला छात्र संदिग्ध हालत में छात्रावास की पांचवी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से हाथरस के मुल्तान गेट के रहने वाले हरीश शर्मा का बेटा रोहित शर्मा (16) बंथरा के सुल्तान फाउंडेशन परिसर स्थित छात्रावास के फर्स्ट फ्लोर में रहकर यहीं के टारगेट डिफेंस एकेडमी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बताते हैं कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे रोहित संदिग्ध हालत में हॉस्टल की पांचवी मंजिल से नीचे गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे आनन-फानन अपोलो अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज



के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक रोहित के पिता हरीश शर्मा कासगंज स्थित विकास भवन में सहायक लेखा अधिकारी पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब 10:15 बजे रोहित के छात्रों ने सूचना दी कि रोहित छत से गिर गया है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। लेकिन कुछ देर बाद फोन आया कि अस्पताल में उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि कल शाम को बेटे से बात हुई थी और उसका आगामी 1 जुलाई को जन्मदिन भी था। जिसको लेकर वह अपने दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मनाने का प्लान बताते हुए कुछ पैसों की मांग की थी। तब उन्होंने उसे 500 रुपये ऑनलाइन भेज दिए थे और उसके बर्थडे से पहले कुछ और रुपए भेजने को कहा था। उनका कहना है कि पांचवी मंजिल से रोहित गिरा है और उस छत पर निर्माण का कार्य चल रहा है। चारों तरफ बाउंड्री वॉल या रेलिंग नहीं लगी हुई है। परिजनों का कहना है कि वह फर्स्ट फ्लोर पर रहता था, लेकिन पांचवी मंजिल पर क्या करने गया। परिजनों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में नीचे गिरने का दृश्य तो कैमरे में कैद हुआ है, लेकिन वह पांचवीं मंजिल पर कैसे गया, इसका फुटेज कोई नहीं उपलब्ध है। उसके चप्पल वहां से गायब मिले और उसका मोबाइल उसके कमरे में ही मिला है। उनका कहना है कि गिरने के बाद बेटा काफी देर तक नीचे जमीन पर पड़ा रहा और हॉस्टल प्रबंधन स्टाफ का कोई भी वहाँ नहीं पहुंचा। उसके गिरने की आवाज सुनकर उसके साथ रहने वाले छात्रों ने बाहर जाकर देखा, तब इसकी जानकारी प्रबंधन को दी। उसके बाद उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज से मामले की जांच करने के साथ मोबाइल की भी कॉल डिटेल जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने देश की सेवा करने के लिए एनडीए अकैडमी ज्वाइन की थी। उनका कहना है कि बेटे ने सुसाइड नहीं किया है, बल्कि यह घटना संदिग्ध है। इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं मृतक के परिवार में पिता हरीश शर्मा के अलावा माँ लीना, भाई हर्ष और बहन हर्षिता है।

बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि रोहित तीसरी मंजिल से नीचे गिरा है। इस मामले में मृतक के पिता ने भी छत से गिरकर मौत होने की तहरीर देते हुए मामले की जांच की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है जांच के बाद ही घटना का सही कारण पता चल सकेगा।

## संदिग्ध हालत में मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा तो परिजनों ने मना कर दिया। फिलहाल परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने मृतक के शव को उनके सुपुर्द कर दिया है। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत लालपुर गांव निवासी अवधेश उर्फ बबलू (40) बंथरा थाना क्षेत्र के भौकापुर स्थित एक प्लाई कंपनी में मजदूरी करता था। शनिवार सुबह घर से काम पर कंपनी गया था। तभी दोपहर करीब 11 बजे कंपनी में उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। इस पर कंपनी प्रबंधन ने परिजनों को सूचना देने के साथ अवधेश को आनन-फानन बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। लेकिन सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचते ही चिकित्सकों ने अवधेश को मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों से उसका पोस्टमार्टम कराने को कहा तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। फिलहाल मृतक के परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने शव को उनके सुपुर्द कर दिया है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी गीता के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। मृतक के परिजनों का कहना है कि अवधेश शराब का आदी था और पिछले कई महीनो से उसका लीवर की बीमारी का इलाज चल रहा था।

## हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। क्षेत्र के गौरा स्थित सूर्या इंजीनियरिंग कॉलेज के निकट नगर पंचायत कार्यालय के बगल में शनिवार को श्री हनुमान जी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगर क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष से गुंजायमान रहा।



### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई प्राण प्रतिष्ठा

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा से हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। भजन-कीर्तन और सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ भोजन वितरण की जिम्मेदारी संभाली श्रद्धालुओं के बैठने पेयजल स्वच्छता सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं जिसकी लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

### इन गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मोहनलालगंज एसडीएम पवन पटेल एसीपी राजेश सिंह, मोहनलालगंज थाना प्रभारी बृजेश त्रिपाठी, समाजसेवी नागेश्वर द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख डिम्पल वर्मा, मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, समाजसेवी सत्यप्रकाश द्विवेदी निगोहां प्रेस क्लब संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अधिवक्ता ऋषी द्विवेदी, दीपू सिंह, अभय सिंह उर्फ ₹मनीष₹ अधिवक्ता विनय शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

### धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक समरसता का संदेश

अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता, सेवा भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज को एक नई सकारात्मक ऊर्जा और जनसेवा की प्रेरणा मिलती।

### डॉ. अजय पाण्डेय 'सत्यम' ने जताया आभार

आयोजन के मुख्य संयोजक डॉ. अजय पाण्डेय 'सत्यम' (व्यापार मंडल अध्यक्ष, मोहनलालगंज एवं चेयरमैन प्रतिनिधि) ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, आचार्यों, अतिथियों, स्वयंसेवकों, मीडिया प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और सहभागिता से ही ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सफल होते हैं और भविष्य में भी जनसेवा एवं धार्मिक कार्यों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

### भव्य आरती के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम के अंत में भगवान श्री हनुमान जी की भव्य महाआरती की गई तथा क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और राष्ट्र की उन्नति की मंगलकामना की गई। श्रद्धालुओं ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, सेवा और सद्भाव का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया।

## सुंदरकांड पाठ के समापन पर भंडारे का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के फरीदीपुर स्थित हरदोई लखनऊ हाईवे के किनारे शनिवार को धार्मिक आस्था, भक्ति और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। पप्पू, संजय एवं अधिवक्ता राम सिंह यादव के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी का स्मरण किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं, स्थानीय ग्रामीणों एवं राहगीरों को प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी और बूंदी वितरित की गई। श्रद्धालुओं ने अनुशासित ढंग से कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण छाया रहा और जय श्रीराम व जय बजरंगबली के



भंडारे में उपस्थित श्रद्धालुगण

जयघोष से माहौल गूंजता रहा।

आयोजक अधिवक्ता राम सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में देवेन्द्र सिंह, संदीप, रिलेश प्रताप सिंह, निहाल, केशरी राव, धारा सिंह यादव, नमन यादव, सौरभ सिंह यादव, कपिल यादव सहित दर्जनों अधिवक्ता और अन्य लोग मौजूद रहे।

## 29 जून को तहसील घेरेंगे अमरपाल सिंह, जनसमस्याओं पर सपा का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। समाजवादी पार्टी की मोहनलालगंज इकाई द्वारा जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर 29 जून, सोमवार को तहसील परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम का नेतृत्व 175 कैंट विधानसभा प्रत्याशी अमरपाल सिंह करेंगे धरने के माध्यम से महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। 175 कैंट विधानसभा प्रत्याशी अमरपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में आम जनता महंगाई और बेरोजगारी की दोहरी मार झेल रही जबकि सरकार जनहित से जुड़े



मूलभूत मुद्दों पर गंभीर दिखाई नहीं दे रही उन्होंने आरोप लगाया कि डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया किसानों को खाद, बीज और सिंचाई जैसी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती, जर्जर सड़कें, पेयजल की समस्याएं तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर जनता में व्यापक असंतोष युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे जिससे उनमें निराशा बढ़ रही वहीं महिलाओं व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ अमरपाल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता की आवाज को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही और यह धरना उसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक होगा धरने का उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव नहीं बल्कि जनसमस्याओं को मजबूती से उठाकर सरकार का ध्यान उनकी ओर आकर्षित करना उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी और लोगों के अधिकारों की आवाज बुलंद करेगी। धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारियों सेक्टर एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं फ्रंटल संगठनों समर्थकों तथा क्षेत्र की आम जनता से 29 जून को सुबह 11 बजे तहसील परिसर मोहनलालगंज में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई कार्यक्रम के समापन पर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा पार्टी नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन क्षेत्र की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और उनके समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## गौ आधारित ग्राम ही आत्मनिर्भर भारत की नींव : नवल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। श्री गोपेश्वर गौशाला, मलिहाबाद में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत गो सेवा गतिविधि विभाग की प्रांतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ अखिल भारतीय गो सेवा गतिविधि प्रमुख नवल ने गौ पूजन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

बैठक को संबोधित करते हुए नवल ने गौ आधारित ग्राम की संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर परिवार में गौपालन को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गौ आधारित ग्राम की अवधारणा में गौसेवा, प्रत्येक परिवार में गाय, गौ आधारित प्राकृतिक कृषि, गौ आधारित वाणिज्य तथा स्वरोजगार एवं व्यवसाय का विकास



शामिल है। उन्होंने समाज में गौ संरक्षण एवं संवर्धन को समय की आवश्यकता बताते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। बैठक में बच्चों के बीच गौ के प्रति ज्ञान एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गौ विज्ञान परीक्षा के व्यापक आयोजन पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि इससे नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति, गौ आधारित जीवन शैली और प्राकृतिक कृषि के महत्व से परिचित हो सकेगी।

कार्यक्रम में अवध प्रांत के प्रांत पदाधिकारी, विभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी तथा प्रदेश के 14 जिलों से आए गो सेवा गतिविधि के कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्रांत संयोजक वीरपाल, गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता सहित क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षाएं कल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षाओं का संचालन आगामी जून एवं जुलाई माह से प्रारम्भ हो जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर की कक्षाएँ 29 जून 2026 से तथा प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएँ 20 जुलाई 2026 से शुरू होंगी। यह व्यवस्था नियमित एवं स्ववित्तपोषित दोनों योजनाओं के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों पर समान रूप से लागू होगी। कुलपति महोदय के अनुमोदन के पश्चात अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. सौबान सईद ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं विषय प्रभारियों को इस सम्बन्ध में सूचित कर दिया है। विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे मास्टर समय-सारिणी के आधार पर अपनी-अपनी विभागीय समय-सारिणी तैयार कर कक्षाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित करें।

## मॉडल संकुल संघ के लेखाकार और एमआईएस सहायक का दस दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

### प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र किये गये वितरित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब में सरकारी, अर्धसरकारी विभागों, संस्थाओं के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें अत्यधिक दक्ष और सक्षम बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ मे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मॉडल संकुल संघ के लेखाकार एवं एमआईएस सहायक का दस दिवसीय आवासीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण




शनिवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन 18 से 27 जून तक आयोजित किया गया यह प्रशिक्षण दीपा रंजन, मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के आदेश पर आयोजित किया गया। संयुक्त मिशन निदेशक श्री प्रवीणानंद ने बताया कि मॉडल संकुल संघ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लेखाकारों और एमआईएस सहायकों को वित्तीय प्रबंधन, लेखांकन प्रणाली और डेटा प्रबंधन में दक्ष बनाना था, ताकि संकुल स्तरीय संघ पारदर्शिता और व्यावसायिकता के साथ कार्य कर सकें। विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षित प्रतिभागी अब समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और मिशन के 'गरीबी मुक्त गाँव' के लक्ष्य को गति देंगे। डॉ. नन्दकिशोर साह, मिशन प्रबंधक प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण में गरीबी के विभिन्न आयामों पर समझ विकसित की गई। ह्यसमूह क्या है, समूह की आवश्यकता क्यों है और ह्यप्रभावी समूह के गुण जैसे विषयों पर खुले सत्र के माध्यम से चर्चा की गई। विजन और मिशन पर चर्चा करते हुए सहभागी विधि से संकुल स्तरीय संघ के सामुदायिक ढांचे को समझाया गया। संगठन और उनके प्रकार पर प्रस्तुति एवं चर्चा के माध्यम से समझ विकसित की गई। प्रशिक्षण में संकुल स्तरीय संघ के तीन स्तंभों - सदस्यता, शासन और परिचालन - की भूमिका तथा जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मॉडल संकुल स्तरीय संघ के कार्य निष्पादन सूचकांक, दृष्टिपत्र, महत्वपूर्ण हितधारकों की भूमिका, वित्तीय प्रणाली, लेखांकन चक्र, दोहरी लेखा प्रणाली के सिद्धांत, रसीद-वाउचर, खाता बही प्रविष्टि, प्राप्ति-भुगतान पत्रक, आय-व्यय विवरण, आर्थिक चिट्ठा, वित्तीय प्रबंधन, ऋण प्रबंधन, वित्तीय कार्य निष्पादन सूचकांक, बचत, ऋण, बीमा आदि वित्तीय उत्पादों के महत्व पर गहन अभ्यास कराया गया। आंकड़ों एवं सूचनाओं के महत्व को समझाते हुए प्रतिभागियों से संकुल स्तरीय संघ के लिए योजना प्रपत्र भी भरवाए गए। डॉ सीमा राठौर, प्रशिक्षण प्रसार अधिकारी, डॉ नन्दकिशोर साह रिसोर्स पर्सन ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र विस्तृत किया प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जनपद गाजीपुर, कन्नौज, बिजनौर, शामली के प्रतिभागी शामिल हुए। समापन सत्र में राज्य संसाधन व्यक्ति बैजनाथ राम, जिला संसाधन व्यक्ति अमित कुमार सिंह तोमर, मेघा वर्मा, सोनिया, देवेंद्र मिश्रा, कुमारी विमलेश, राजेंद्र सिंह, सूरज सिंह सहित अन्य प्रशिक्षक एवं अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## अज्ञात कार की टक्कर से स्कूटी सवार तीन लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से स्कूटी सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। तीनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़ित परिजनों ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सरोजनी नगर के सेक्टर -एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी मंगल बनौधा के मुताबिक बीती 5 जून की रात करीब 10:30 बजे से 10:50 बजे के बीच बहनोई अमित कुमार (36) अपनी स्कूटी से मंगल की दो बहनों कल्पना और रूबी के साथ घर आ रहे थे। तभी सेक्टर एफ, एलडीए कॉलोनी स्थित शनि मंदिर के पास तेज गति से आ रही एक सफेद रंग की अज्ञात कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले लोकबंधु अस्पताल और बाद में ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहाँ इलाज के दौरान गंभीर चोटों के कारण कल्पना का बायां पैर काटना पड़ा।

फिलहाल मंगल बनौधा की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपी वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## छात्रों को हैम रेडियो की जानकारी आवश्यक

लखनऊ। जिला आपदा प्रबंधन अनुभाग गोंडा के सौजन्य से एलबीएस डिग्री कॉलेज में स्थित रेडियो अवध एवं अवध हैम रेडियो क्लब द्वारा विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन संचार में हैम रेडियो की भूमिका व इसके विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में लखनऊ से आए हैम रेडियो विशेषज्ञ मनोज बाजपेयी ने इसके संचालन, आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में इसकी उपयोगिता तथा संचार नेटवर्क के रूप में जानकारी दी तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिये। उन्होंने कहा कि छात्रों को भी हैम रेडियो की जानकारी होनी आवश्यक है। जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश कुमार ने आपदा और हैम रेडियो से संबंधित अपने विचार रखे और आए।

## संक्षेप

### सेवानिवृत बीएसएफ कामडेंट का बीमारी के चलते हुआ निधन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के आर आर बी एन इण्टर कालेज के पूर्व प्रबंधक रवीन्द्र सिंह 81 का लम्बी बीमारी के बाद शुक्रवार की रात गोमतीनगर लखनऊ स्थित निज आवास पर समय शायं 7 बजे निधन हो गया । श्री सिंह बीएसएफ के कमांडेंट पद से सेवानिवृत्त थे ।उनका अंतिम संस्कार लखनऊ के भैसाकुण्ड मे भाई ध्रुव सिंह ने मुखाग्नि देकर किया । अपने पीछे पत्नी राजश्री सिंह , बेटा रजत सिंह , बहू कनक सिंह व पिंकी सिंह , नाती रुद्रांश सिह छोड़ गये ।उनके निधन पर दिलीप कुमार सिंह , सुन्दर लाला बाजपेई , आशादीन तिवारी ,महेश गुप्ता , धर्मेंद्र प्रताप सिंह , आशुतोष सिंह, सोमू सिह ,ज्ञान प्रताप सिंह ,दिवाकर सिंह, आदि ने शोक व्यक्त किया है ।वही दूसरी तरफ कस्बा बिहार में साहित्य भूषण पूर्व प्रधानाचार्य शिक्षाविद डॉ गणेश नारायण शुक्ला की धर्मपत्नी सुधा शुक्ला के हुए निधन पर भाजपा नेता अरुण दीक्षित ने उनके घर पहुँच सांत्वना दी। साथ ही क्षेत्रीय लोगो मे योगेश बाजपेयी,बैजनाथ सिंह,मुन्ना सिंह,दिनेश दीक्षित, शिशु द्विवेदी ,नरेश मिश्रा ,संजय अवस्थी,प्रमोद नारायण द्विवेदी आदि ने भी दुःख व्यक्त किया है।

### घरेलू कार्य कर रही महिला को जहरीले कीड़े ने काटा मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कान्हु गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, घर में काम करते समय किसी जहरीले कीड़े के काटने से उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका।रजनी 35 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रंजन अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थीं, तभी उन्हें किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। शुरूआत में परिजनों ने इसे सामान्य समझा, लेकिन कुछ ही देर में उनकी हालत गंभीर हो गई ।इसके बाद परिजन उन्हें तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गई ।रजनी के पति का पहले ही निधन हो चुका है। उनके परिवार में अब 12 वर्षीय बेटा विशाल और बेटी विशाली हैं। मां की असमय मौत के बाद दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है ।घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मृतका के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। परिजन कीड़े के काटने को ही मौत का कारण बता रहे हैं। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि चिकित्सकीय परीक्षण और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# शिवराजपुर दबौली मार्ग पर सड़क कटान का डीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गंगा नदी की मुख्य धारा से शिवराजपुर-दबौली मार्ग पर सड़क कटान हो गया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मार्ग अवरोध, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की जानकारी ली और स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

विकासखंड फतेहपुर-84 क्षेत्र के शिवराजपुर-दबौली मार्ग पर हुआ है। गंगा की तेज धारा के कारण सड़क का एक हिस्सा कट गया है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है ।निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी से सड़क कटान से उत्पन्न स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों और आपातकालीन राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं तैयार रखने को कहा।

जिलाधिकारी ने कटान रोकने के लिए बनाई जा रही कार्ययोजना का भी जायजा लिया। उन्होंने बोल्डर से तटबंध निर्माण, सड़क मार्ग को सुरक्षित करने के उपायों और संभावित प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविरों की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए ।उन्होंने अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड, को सड़क कटान की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर बेहतर कार्ययोजना तैयार कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य मार्ग को सुरक्षित करना और लोगों को परेशानी से बचाना है।

डीएम ने उपजिलाधिकारी बांगरमऊ को राजस्व टीम के माध्यम से प्रभावित होने वाले गांवों का सर्वे कराने के निर्देश दिए। साथ ही, संभावित प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविर, पेयजल, भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने को कहा।

इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जलस्तर पर लगातार नजर बनाए रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

# अराजकतत्वों ने हैंडपंप का बोर व वाटर कुलर का किया क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। भीषण गर्मी के बीच नगर पंचायत सफीपुर की पेयजल व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। नगर पंचायत सफीपुर के अधिशासी अधिकारी ने कोतवाली सफीपुर में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि मोहल्ला जुगियाना में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप का बोर और वाटर कूलर कुछ लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

शिकायत में बताया गया है कि शनिवार सुबह कुछ लोगों ने इसे तोड़ दिया, जिससे स्थानीय लोगों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है ।घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। नगर पंचायत कर्मचारियों ने मौके का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से जानकारी ली और वीडियो साक्ष्य भी प्राप्त किया। शिकायती पत्र में समशाद पुत्र जहूर, बब्लू पुत्र जहूर, समीर पुत्र समशाद, मुकर्रम अली पुत्र जहूर, निसार पुत्र जहूर, मोहम्मद आजम पुत्र निसार, शाहिद पुत्र निसार, सरफराज पुत्र निसार और मारूफ पुत्र समशाद सहित अन्य लोगों के नाम बताए गए हैं ।आरोप है कि इन लोगों ने हैंडपंप के बोर में ईंटें डालकर उसे खराब कर दिया और वाटर कूलर की जाली व अन्य हिस्सों को भी क्षतिग्रस्त किया।

अधिशासी अधिकारी ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई कराने की भी अपील की गई है, ताकि खराब हुई पेयजल व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारु किया जा सके। थानाध्यक्ष सफीपुर संदीप मिश्रा ने कहा है कि शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जाएगी।

# अनियंत्रित बाइक सवार युवक सड़क सड़क पर गिरा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के पाटन पुरवा मार्ग पर पकरा बुजुर्ग पनहन के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित बाइक सवार के गिरने से मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया ।

बिहार थाना क्षेत्र के पाटन पुरवा मार्ग पर ग्राम पकरा बुजुर्ग निवासी सोनू रावत 30 शुक्रवार की पुरवा थाना क्षेत्र के त्रिपुरारपुर से रात करीब 8:30 बजे वापस घर लौट रहे थे । पनहन गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर गिर पडे. । जिससे सिर पर लगी चोट लगने मौत हो गई। बाइक सवार हेलमेट नही लगाए हुए थे ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया ।

पिता राजकुमार ने बताया कि बेटे के कोई संतान नही है ।पत्नी नीतू का रो रो कर बेहाल है ।

# हाईवे जाम मामले में 60 अज्ञात छात्रों पर मुकदमा, कॉलेज परिसर में बढ़ाई गई निगरानी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज सरस्वती मेडिकल कॉलेज में पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सौरभ कवर की कैंपस में मौजूदगी के विरोध में हुए हाईवे जाम और प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोहरामऊ थाना पुलिस ने शुक्रवार को सरकारी कार्य में बाधा, यातायात अवरुद्ध करने और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने के आरोप में 60 अज्ञात छात्र-छात्राओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सोमवार को कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कॉलेज गेट से निकलकर लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया था। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वर्ष 2024 में छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपों के बाद विवादों में रहे पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सौरभ कवर का दोबारा कैंपस में आना छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए चिंता का विषय है। कई घंटे चले धरना-प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा डॉ. कवर का इस्तीफा दिखाए जाने पर छात्र-छात्राओं ने आंदोलन समाप्त किया था।

घटना के बाद पुलिस ने उपलब्ध वीडियो फुटेज, सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रदर्शन में शामिल लोगों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान जिन लोगों की भूमिका सामने आएगी, उनके नाम मुकदमे में शामिल किए जाएंगे।

उधर, कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। मेडिकल कालेज के ।प्रिंसिपल डॉ आरएन श्रीवास्तव से बात करने पर बताया छतरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने की जानकारी हमको नही है। परिसर में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त निगरानी की जा रही है और छात्र-छात्राओं से किसी भी समस्या को संवाद के माध्यम से उठाने की अपील की गई है।

सोहरामऊ थाना प्रभारी अरविन्द पांडेय ने बताया कि हाईवे जाम और यातायात बाधित करने के मामले में 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

***60 अज्ञात छात्र-छात्राओं पर मुकदमा दर्ज होने के बाद सरस्वती मेडिकल कॉलेज के छात्रों में हड़कंप मच गया है। छात्र-छात्राओं के बीच मुकदमे को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कई छात्र अपनी पहचान उजागर होने और पुलिस कार्रवाई की आशंका से चिंतित हैं। जबकि कॉलेज परिसर में भी इस कार्रवाई को लेकर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।***

# उप कृषि निदेशक के साथ अल - नीनो व खरीफ फसलों पर की सामायिक चर्चा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। खरीफ सीजन 2026 में कम बारिश की संभावना के संकेत मौसम विभाग बराबर दे रहा है अल - नीनो को दृष्टिगत रखते हुए उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश ने किसान संगठन के साथ वार्ता करते हुए कहा कि किसान धान की कम पानी व कम दिन वाली फसलों की बुवाई व रोपाई करें । किसान भाई दलहन में उड़द, मूंग, अरहर व तिलहन में तिल के बीज एग्री दर्शन पोर्टल पर पंजीकरण करवा दें पंजीकरण करने के पश्चात विभाग से निःशुल्क किट प्राप्त कर लें छठे राउंड की आखिरी बुकिंग प्रक्रिया अभी 2 से 3 दिन तक और चलेगी । उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद उन्नाव में दलहन व तिलहन के क्षेत्रफल को बढ़ावा देना है । डॉ. वृजेन्द्र प्रताप सिंह ने उपकृषि निदेशक से जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में जिप्सम की आपूर्ति करवाने के लिए कहा है उप कृषि निदेशक ने कहा कि जैसे आपूर्ति मिलती है तत्काल प्रत्येक राजकीय बीज भंडार में जिप्सम भिजवा दी जाएगी ।उप कृषि निदेशक रवि चन्द्र प्रकाश ने जनपद के किसानों से रासायनिक खाद कम इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है किसान भाई हरी खाद गोबर की खाद ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें जैविक खेती को बढ़ावा दें ।कार्यक्रम में अभिषेक पांडे ,शंभू सिंह,गोपू सिंह, फुन्नी त्रिपाठी,मुकेश राठौर, प्रभा शंकर तिवारी, बीरेन्द्र फौजी व अन्य क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ जवान को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई, गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। परियर घाट पर राजकीय सम्मान के साथ सीआरपीएफ जवान का हुआ अंतिम संस्कार ।केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ में तैनात सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के न्यामतपुर गांव निवासी जवान संतोष शुक्ला का ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

शनिवार को सीआरपीएफ जवान तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर लेकर पैतृक गांव न्यामतपुर पहुंचे। गांव में पार्थिव शरीर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़ पड़े और नम आंखों से अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की ।संतोष शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला के पुत्र एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रामदत्त शुक्ला के पौत्र थे। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक का माहौल है ।इसके बाद परियर गंगा तट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सीआरपीएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम विदाई दी ।इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सफीपुर दीपक यादव, एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, तहसीलदार देवेंद्र यादव, सफीपुर कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत जवान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# पीडीए पंचायत कर जनसंवाद का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर गांव-गांव चलाए जा रहे पीडीए पंचायत के तहत भगवंतनगर क्षेत्र के ग्राम चोटिहा मे सपा नेता अंकित सिंह परिहार ने पीडीए पंचायत कर जनसंवाद किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा कि पीडीए पंचायतों का उद्देश्य समाज के वंचित, शोषित, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर, उनमें राजनीतिक चेतना का संचार कर, सामाजिक न्याय और समान भागीदारी के लिए उन्हें संगठित करना है।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सोच है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर, सम्मान और न्याय मिले। समाजवादी पार्टी सदैव संविधान की मूल भावना एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करती है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा




अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, विजय कुमार यादव, निर्मल रावत, अजय राज लोधी, धर्मेंद्र पटेल, सत्यम लोधी, रोशन लाल रावत, सत्यम लोधी आदि उपस्थित रहे ।

# रेलवे ट्रैक पर घायल मिले युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।सदर कोतवाली क्षेत्र के कारोवन मोड़ के पास रेलवे ट्रैक पर गंभीर रूप से घायल मिले एक युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई।युवक को बुधवार को घायल अवस्था में पाया गया था, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर लखनऊ रेफर किया गया था। हसनगंज थाना क्षेत्र के पिलखाना रसीदपुर निवासी रवि ( 23 वर्ष ) पुत्र अयोध्या प्रसाद के रूप में हुई है। आरपीएफ पुलिस ने उसे बुधवार को रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रैक के बीच घायल अवस्था में पाया था।प्रारंभिक उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। शुक्रवार रात लखनऊ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान रवि ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों के अनुसार, उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं।शनिवार को युवक के शव का उन्नाव मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के मामा सुजीत कुमार ने बताया कि रवि काम करने के लिए गुजरात जाने की तैयारी में था। वह बुधवार को लखनऊ के चारबाग पहुंचा था। सुजीत कुमार के अनुसार, बुधवार रात करीब 12 से 1 बजे के बीच रवि के साथ क्या हुआ, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।परिजनों को गुरुवार सुबह करीब छह बजे घटना की सूचना मिली। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मृतक के मामा ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है।रवि के परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं।युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# ब्लड बैंक टीम ने पेश की मानवता की मिसाल, रोती-बिलखती महिला की मदद कर बचाई बेटी की जान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जब मानवता की बात आती है, तब कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की मदद के लिए आगे बढ़ते हैं। ऐसा ही प्रेरणादायक दृश्य शुक्रवार को जिला अस्पताल उन्नाव में देखने को मिला। चौरा रोड, लोकनगर निवासी गीता देवी सुबह लगभग 11 बजे से जिला अस्पताल के बाहर अपनी बेटी के लिए एक यूनिट रक्त की व्यवस्था करने हेतु लोगों से मदद की गुहार लगा रही थीं। उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और आने-जाने वाले लोगों से रक्तदान की अपील की, लेकिन किसी ने भी उनकी सहायता नहीं की। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह बाहर से रक्त खरीदने में भी असमर्थ थीं। महिला की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। सीएमएस डॉ. सुनील कुमार शुक्ला के नेतृत्व में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर महिला की बेटी के उपचार हेतु एक यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। रक्त मिलने के बाद मरीज को तुरंत रक्त चढ़ाया गया, जिससे उसके उपचार में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। रक्त मिलने के बाद गीता देवी भावुक हो गईं।उन्होंने हाथ जोड़कर पूरी ब्लड बैंक टीम का धन्यवाद किया और खुशी के आँसुओं के साथ बार-बार ब्लड बैंक की जय हो कहते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह भावुक दृश्य देखकर उपस्थित लोगों की आंखें भी नम हो गईं। इस मानवीय कार्य की जानकारी जैसे ही कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष चेतन मिश्रा को मिली, वह जिला अस्पताल पहुंचे और सीएमएस सहित पूरी ब्लड बैंक टीम का सम्मान कर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि किसी भी जरूरतमंद परिवार को रक्त संबंधी सहायता की आवश्यकता हो तो कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन हर संभव सहयोग के लिए सदैव तैयार रहेगा। इसके बाद चेतन मिश्रा ने सभी स्टाफ सदस्यों को सम्मान स्वरूप पटका पहनाकर महिला की ओर से पुनः धन्यवाद ज्ञापित किया। इस पुनीत एवं मानवीय कार्य में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनुराग कुमार, सीएमएस कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर हर्ष तिवारी, लैब टेक्नीशियन निर्मेश पटेल, महेंद्र वर्मा, अमिताभ सिंह, सुनील कुमार पाल, राजेश कुमार , पंकज कुमार, दिनेश कुमार गौरव निगम , तथा सोनी देवी एवं स्मृति गुप्ता सहित पूरी ब्लड बैंक टीम का विशेष सहयोग रहा। मानवता की सच्ची पहचान यही है कि जब अपने भी साथ छोड़ दें, तब कोई अनजान व्यक्ति मदद के लिए आगे आए। जिला अस्पताल उन्नाव की ब्लड बैंक टीम ने अपने इस कार्य से समाज के सामने सेवा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# स्टांप विक्रेता संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर तहसील बीघापुर स्टाम्प विक्रेता संघ ने शासन द्वारा लागू किए गये ई स्टाम्प एवं ई-पंजीकरण के विरोध को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सब रजिस्टार बीघापुर को देकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा किया । शनिवार को तहसील बीघापुर मे स्टाम्प विक्रेताओं ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर तहसील बीघापुर मे जिला अध्यक्ष शिवनाथ की अगुवाई मे स्टाम्प विक्रेताओ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित सब रजिस्टार प्रभात सिंह को दिया ।ज्ञापन मे बताया कि शासन द्वारा लागू ई-पंजीकरण व्यवस्था के लागू होने से समस्त स्टाम्प वेन्डर्स/ एसीसी आदि का रोजगार खत्म हो जाएगा । जिससे सभी स्टाम्प विक्रेता बेरोजगार हो जाएंगे । स्टाम्प विक्रेता शिवनाथ ने कहा कि सरकार द्वारा जब तक कोई हल नही निकाला जाता तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष नरेश चंद्र तिवारी,धर्मेंद्र सिंह,श्रवण तिवारी,आशुतोष,हिमशू पटेल, शिवकंठ,योगेंद्र ,मुन्नी लाल आदि स्टाम्प विक्रेता मौजूद रहे।



# ट्रक व डंपर में आमने सामने भिड़ंत लगी आग दोनो चालक झुलसे

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह मियागंज चकलवंशी मार्ग पर ट्रक डम्पर की आमने सामने भिंडत के बाद आग लग गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालकों को बाहर निकाल कर सफीपुर अस्पताल में भर्ती कराया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी मौके पर पहुंची फायर सर्विस के जवानों ने आग पर काबू पाया तब तक दोनों गाडियों का आगे का हिस्सा जल गया ।संडीला से कोल्ड ड्रिंक की बोतलें लाद कर झांसी जा रहा ट्रक चालक अदनान पुत्र राजीव उर्फ रज्जन निवासी मोबिना बाद हरदोई अजमत नगर गांव के पास पहुंचा था तभी जहांगीराबाद बाराबंकी निवासी डम्पर चालक रविकांत पुत्र बृज किशोर खलासी अमित यादव पुत्र संतराम निवासी कचरान देवा बाराबंकी के साथ जालौन से मौरंग लाद कर बाराबंकी जा रहा था दोनों गाडियों की आमने सामने भिंडत हो गयी और आग लग गयी दोनों गाडियों के चालक घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सफीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी मौके पर पहुंचे दमकल जवानों ने आग पर काबू पाया तब तक दोनों गाडियों के आगे का हिस्सा जल गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि घायल चालकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गयी फायर सर्विस द्वारा आग बुझा दी गयी और दोनों गाडियों को किनारे हटा कर यातायात बहाल करा दिया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट दोनो ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच गाली गलौज के साथ मारपीट हो गयी जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। कोरारी खुर्द गांव निवासी कैलाश चौरसिया ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह बुधवार की शाम बकरी चरा कर घर लौट रहा था तभी नहर पुल पर कोरारी कला गांव निवासी पारस ने रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे जब विरोध किया तो मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी वहीं दूसरे पक्ष से पारस उर्फ हेमंत सिंह निवासी कोरारी कला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह गुरुवार की शाम मंदिर के पास टैक्टर पर बैठा हुआ था तभी कोरारी खुर्द निवासी दीपू, बीनू व कैलाश ने उस पर हमला कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों के बीच गाली-गलौज मारपीट की घटना में पीडितों की तहरीर पर दोनों पक्षों से चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

## रिसेप्शन में विवाद, एक युवक की मौत

### बच्चों के झगड़े के बाद मारपीट, 6 पर केस दर्ज, 4 गिरफ्तार

अमेठी , कमरौली थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक रिसेप्शन कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस घटना में मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल एक युवक ओमप्रकाश चौहान की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना मल्हाह बरसंडा गांव में हुई। डांस कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे की शर्ट फटने को लेकर बच्चों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते दोनों पक्षों के परिजनों के बीच मारपीट में बदल गई। मारपीट में ओमप्रकाश चौहान को गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कमरौली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी सीतापती की तहरीर पर पुलिस ने धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), 109, 351(3) के तहत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में सहजराम, लल्लन, परसनाथ, लक्ष्मी, विष्णु और बालक लाल शामिल हैं, जो सभी पूरे मोलना मजरे बरसण्डा के निवासी हैं। पुलिस ने चार नामजद अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि गांव में स्थिति नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था कायम है।पूरे मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 6 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## रिसेप्शन में बच्चों के विवाद में मारपीट

### युवक की मौत, पत्नी की तहरीर पर 6 पर केस, 4 हिरासत में

अमेठी ,कमरौली थाना क्षेत्र के पूरे मल्हाह बरसंडा गांव में एक रिसेप्शन कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस मारपीट में ओमप्रकाश चौहान नामक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बीती रात हुए इस कार्यक्रम में डांस के दौरान एक बच्चे की शर्ट फटने पर बच्चों के बीच कहासुनी हुई। यह मामूली विवाद जल्द ही दोनों पक्षों के परिजनों के बीच मारपीट में बदल गया। गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश चौहान को तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी सीतापती की तहरीर पर पुलिस ने 6 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने धारा बीएनएस के तहत सहजराम पुत्र निवासी पूरे मल्लाह मजरे बरसण्डा) के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- प्रधानों को प्रशासक कैसे बनाया

### आपने अवमानना की; यूपी में पंचायत चुनाव टालना गलत, हलफनामा दीजिए

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी में पंचायत चुनाव टालने पर शुक्रवार को कड़ी नाराजगी जताई है। ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की बेंच ने सुनवाई की। उन्होंने सरकार से पूछा- आपने प्रधानों को प्रशासक कैसे बनाया? यह डिविजन बेंच के आदेश का उल्लंघन है, जो अदालत की अवमानना की कैटेगरी में आता है। प्रधानों को प्रशासक रूप में बने रहने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।25 और 26 मई 2026 के जिन आदेशों के आधार पर ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने का प्रयास किया गया, उन्हें पहले ही असंवैधानिक घोषित किया जा चुका है। अदालत ने पंचायत चुनाव टालने को असंवैधानिक बताया है। कोर्ट ने सरकार से हलफनामे के साथ डइउ रिपोर्ट और पंचायत चुनाव कराने की टाइमलाइन मांगी है।हालांकि कोर्ट ने अभी किसी तरह की कोई अंतरिम रोक नहीं लगाई है। सहारनपुर के अरविंद राठौर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि यदि अगली सुनवाई तक सरकार संतोषजनक जवाब नहीं देती तो संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। हाईकोर्ट के फैसले पर अखिलेश ने कविता के जरिए सरकार पर तंज कसा। उन्होंने लिखा- भाजपा बनने चली थी सयानी, निपट गई उसकी ही कहानी। भाजपा किसी घाट की नहीं रही। आयोग बोला- हम चुनाव कराने के लिए तैयार यूपी में पंचायतों का कार्यकाल 26 मई, 2026 को समाप्त हो चुका है।लेकिन, 25 मई को सरकार ने आदेश जारी कर ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त कर दिया था। साथ ही पंचायत चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण तय करने को पिछड़ा वर्ग आयोग भी बनाया गया। उसे छह महीने का समय दिया गया, ताकि वो हर जिले में पिछड़ों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का आकलन कर सके।याचिका में प्रशासकों को हटाकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग ने अदालत को बताया कि 10 जून 2026 को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है और आयोग चुनाव कराने के लिए तैयार है। केवल राज्य सरकार की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण चुनाव प्रक्रिया रुकी हुई है।

## स्कॉर्पियो ने 3 कारों को मारी टक्कर

### नशे में धुत चालक फरार, पुलिस सीसीटीवी से कर रही जांच

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,धूमनगंज थाना क्षेत्र स्थित मुंडेरा इलाके में शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी तीन कारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ, हालांकि तीनों कारों को काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्कॉर्पियो चालक कथित तौर पर नशे की हालत में था और टक्कर मारने के बाद वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो मुंडेरा इलाके से तेज गति से गुजर रही थी। अचानक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़ी कारों से जा टकराया।टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह तेजी से वाहन लेकर भाग निकला।स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि घटना के समय सड़क पर राहगीरों की भीड़ होती या कोई व्यक्ति कारों के पास खड़ा होता, तो गंभीर परिणाम हो सकते थे। चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा होने की आशंका थी।घटना की सूचना मिलने पर धूमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों का निरीक्षण किया।पुलिस ने स्कॉर्पियो और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। धूमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी वाहन मालिक की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इसके बावजूद, पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर स्कॉर्पियो और उसके चालक की तलाश जारी है।पुलिस का कहना है कि चालक की पहचान होते ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## विकास वंचित इंसान पार्टी ने की नई नियुक्तियां

### बहराइच में विवेक कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष

### सुरेन्द्र बहादुर सिंह रवि जिला सचिव बने

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकास वंचित इंसान पार्टी (VVIP) ने संगठन विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद ने विवेक कुमार सिंह को बहराइच का जिला उपाध्यक्ष और सुरेन्द्र बहादुर सिंह 'रवि' को जिला सचिव मनोनीत किया है।विवेक कुमार सिंह कैसरगंज तहसील के पूरैना बेलहरी गांव के निवासी हैं। वहीं, सुरेन्द्र बहादुर सिंह 'रवि' भी कैसरगंज तहसील के त्रिकोलिया हुजूरपुर गांव से आते हैं। पार्टी द्वारा जारी मनोनयन पत्र में बताया गया है कि दोनों पदाधिकारियों को उनके सामाजिक सरोकार, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि ये दोनों पदाधिकारी संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा संगठन को और मजबूत बनाएंगे। नवनियुक्त विवेक कुमार सिंह और सुरेन्द्र बहादुर सिंह 'रवि' ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वे गरीब, वंचित, किसान, मजदूर, युवा और समाज के सभी वर्गों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे।दोनों नेताओं की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकताओं और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

## सांसद संपर्क एवं समर्थन अभियान, महासंघ नें दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच।सेवारत शिक्षकों से टेट अनिवार्यता समाप्त किए जाने को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देश पर सांसद बहराइच से मिलकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच ने ज्ञापन देकर किया अनुरोध। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर सांसद बहराइच डा. आनन्द कुमार गोंड से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में भेंट कर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता एवं उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों से टेट अनिवार्यता समाप्त के विषय में विस्तार से चर्चा की तथा उपरोक्त समस्या से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को समर्थन पत्र लिखने एवं टेट अनिवार्यता समाप्त हेतु उक्त अति महत्वपूर्ण विषय को संसद के मानसून सत्र में उठाकर विधायी संशोधन करवाने का अनुरोध किया।इस मौके पर सांसद श्री गोंड के समक्ष शिक्षक समाज की चिंताओं, विधिक तथ्यों, प्राकृतिक न्याय एवं मानवीय पक्ष को उनके समक्ष रखा गया।सांसद श्री गोंड द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि, महासंघ की मांग को प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष रखकर समस्या का समाधान करवाया जायेगा।सांसद संपर्क एवं समर्थन ज्ञापन कार्यक्रम में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा,जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सैयद सुरूर अख्तर,जिला मंत्री धनंजय पाण्डेय सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## मारपीट-फायरिंग; 3 आरोपी गिरफ्तार

### जेल भेजे गए आरोपी, पुलिस ने दोनों पक्षों के 26 नामजद पर हुई केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर ,थाना गोसाईगंज पुलिस ने दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इन सभी को न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए अभियान के तहत की गई। यह घटना थाना गोसाईगंज क्षेत्र में हुई थी, जहां दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट, तोड़फोड़ और असलहे से फायरिंग की गई थी।इस संबंध में दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस-केस दर्ज हुआ था।प्रथम पक्ष की ओर से वादी तसरीफ अहमद पुत्र मंजूर अहमद ने वसीद अहमद सहित 10 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि अभियुक्तों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की और लाठी-डंडों से मारपीट की।दूसरे पक्ष से वादी वसीद अहमद पुत्र वहीद अहमद ने मो. दानिश सहित 16 नामजद और 20-25 अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।उनका आरोप था कि इन लोगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की, गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से असलहे से फायर किया।इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अशोक कुमार को सौंपी गई थी। गोसाईगंज पुलिस को दोनों अभियोगों में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में वसीद अहमद (51 वर्ष) पुत्र वहीद अहमद निवासी ग्राम कसमऊ पकड़ीपुर हुसैनगंज इनायतपुर, तसरीफ उर्फ सब्लू पुत्र मंजूर निवासी ग्राम सलारपुर और सैफ पुत्र बब्बन उर्फ फोरज अहमद निवासी कुरैशी का पुरवा खरसोमा, गोसाईगंज शामिल हैं।

## पिस्टल से फायरिंग करने वाला युवक गिरफ्तार

### अमेठी में मारपीट के बाद घटना, 2 जिंदा कारतूस बरामद

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , पुलिस ने मारपीट के बाद पिस्टल से फायरिंग करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घटना का एक वीडियो आज सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस को यह सफलता अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मिली। मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान मोहनगंज थाना क्षेत्र के जमूरवा निवासी फूल मोहम्मद (24) को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल और कारतूस मिले। चाट भंडार के दुकानदार से मारपीट पूछताछ में फूल मोहम्मद ने बताया कि उसने सोमवार शाम गोरियाबाद चौराहे पर अपने दो साथियों मकसूद और अमन सिंह के साथ मिलकर श्रीनाथ चाट भंडार के दुकानदार से मारपीट की थी।इसी दौरान उसने पिस्टल से फायरिंग भी की थी। घटना के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिल (रजि0 नंबर यूपी 36 डी 9457) से फरार हो गए थे। थाना जामो पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त और बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक रामकिशोर रावत और उप निरीक्षक दलजीत सिंह समेत जामो थाने की टीम शामिल रही।

## प्राइवेट हॉस्पिटल में पथरी ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

### परिजनों ने लापरवाही में आरोप लगाते हुए 2 घंटे किया बवाल, पुलिस ने शांत कराया मामला

अमन लेखनी समाचार


लज्जावती, मृतक

अलीगढ़ , अतरौली के रामघाट रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल में पित्त की थैली में पथरी के ऑपरेशन के बाद सुबह एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए 2 घंटे हंगामा किया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### 15 दिन पहले हुआ था पथरी का ऑपरेशन

अतरौली थानाक्षेत्र के गांव जखेरा के रहनेवाले राजू की पत्नी लज्जावती (36) को 15 दिन पहले यानी10 जून को पित्त की थैली में पथरी के ऑपरेशन के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद लज्जावती का पेट फूल गया और उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती रही। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें किसी बड़े अस्पताल में रेफर नहीं किया। मंगलवार की दोपहर को हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन उन्हें जबरन अलीगढ़ के एक निजी हॉस्पिटल ले गए।वहां इलाज के दौरान सुबह करीब 4 बजे लज्जावती की मौत हो गई।

### परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन शव लेकर हॉस्पिटल पहुंचे जहां उसका इलाज किया गया था। अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। करीब 2 घंटे तक परिजनों ने जमकर बवाल किया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### कोतवाल राजीव कुमार ने बताया

परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध नशे के कारोबार से लोग परेशान

### महिलाओं ने एसपी से की शिकायत, सख्त कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,कोतवाली नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले में चल रहे अवैध नशे के कारोबार से परेशान होकर स्थानीय निवासियों ने दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मोहल्ले की महिलाओं और अन्य नागरिकों ने एसपी को एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें चरस, स्मैक और ड्रग्स के धंधे को तुरंत बंद करने की मांग की गई है। यह मामला कोतवाली नगर के मोहल्ला बघराजपुर (सौरमऊ देहात), सिटी पब्लिक स्कूल के पास का है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि मोहल्ले के तीन व्यक्ति - मनोज अग्रहरि, मनीष अग्रहरि और शक्ति अग्रहरि - अपने घरों से अवैध रूप से चरस और स्मैक बेच रहे हैं।महिलाओं ने शिकायत में बताया कि नशे की खरीद-फरोख्त के कारण आरोपियों के घरों के पास दिन-रात नशेड़ियों और खरीदारों की भीड़ लगी रहती है। इस अवैध धंधे और असामाजिक तत्वों की आवाजाही से मोहल्ले की महिलाओं, बेटियों और अन्य नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नशा खरीदने और बेचने वालों के बीच अक्सर मोहल्ले में मारपीट, गाली-गलौज और विवाद होते रहते हैं, जिससे इलाके की शांति भंग हो गई है। निवासियों का कहना है कि जब भी मोहल्ले के लोग इस अवैध गतिविधि का विरोध करते हैं, तो तीनों आरोपी - मनोज, मनीष और शक्ति - उनके साथ झगड़ा करने और अभद्र व्यवहार पर उतारू हो जाते हैं।शिकायती पत्र सौंपने वालों में ज्योति प्रजापति, शोभाबती देवी, सुषमा कौशल, पूनम कौशल, बबिता सिंह, शांति देवी गुप्ता, रेहाना, माया और मालती सहित बघराजपुर के कई निवासी शामिल हैं।उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए मांग की है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि इलाके में चरस और स्मैक का अवैध धंधा बंद हो सके।

## युवक की छत से गिरकर मौत

### परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इनकार, मुकदमा दर्ज करने की मांग की

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,कोहड़ौर थाना क्षेत्र में काम के दौरान छत से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। शंकरपुर गांव निवासी 43 वर्षीय घनश्याम सरोज की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।परिजनों ने इस मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है और अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। जानकारी के अनुसार, घनश्याम सरोज बीते 17 जून को पूरे दयाल गांव में आदित्य मिश्र के यहां मजदूरी कर रहे थे।छत पर सफाई करते समय उनका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वे नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें सीएचसी कोहड़ौर पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल भेजा गया। बेहतर इलाज के लिए परिजन उन्हें पीजीआई लखनऊ ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।मंगलवार देर रात पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में शोक छा गया। मृतक की पत्नी ने आदित्य मिश्र के खिलाफ तहरीर दी।उन्होंने आरोप लगाया कि हादसे के बाद उनके पति को तुरंत अस्पताल नहीं पहुंचाया गया और सूचना मिलने के बाद ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए ले गए। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।

## महिला ने एसआई पर रेप का आरोप लगाया

### बोली- शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, एसपी से शिकायत

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,एक महिला ने मानधाता थाने में तैनात एक उपनिरीक्षक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने एसपी को बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी उपनिरीक्षक से भदोही में उसकी तैनाती के दौरान हुई थी। आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर उससे शादी का प्रस्ताव रखा और विवाह का भरोसा दिलाया। इसी भरोसे में आकर महिला ने आरोपी के साथ संबंध बनाए और 5 जून 2025 से वाराणसी के टकटकपुर इलाके में उसके साथ रहने लगी। बाद में उसे पता चला कि आरोपी पहले से विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। महिला का आरोप है कि जब उसने इस बात का विरोध किया तो आरोपी और उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद भी आरोपी उसे फोन कर प्रतापगढ़ बुलाता रहा और शादी का झांसा देकर कई बार होटल में शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने दावा किया कि आरोपी ने कसम खाकर शादी का वादा किया था, जिसकी तस्वीरें भी उसके पास मौजूद हैं। 17 जून 2026 को जब महिला ने दोबारा शादी की बात की तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## संक्षेप

### 12 कोचिंग सेंटर सील

**लखनऊ अग्निकांड के बाद फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी पर कार्रवाई**

बागपत , अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले 12 कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया गया है।यह कार्रवाई लखनऊ में हुए कोचिंग सेंटर अग्निकांड के बाद जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर की गई है। इन संस्थानों के पास अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अमरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किए गए निरीक्षण में कई कोचिंग सेंटर, कंप्यूटर सेंटर और लाइब्रेरी बिना अग्निशमन विभाग की एनओसी के संचालित पाए गए। इन संस्थानों में आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरण और अग्निशमन वाहनों की पहुंच जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं का भी अभाव मिला।जिलाधिकारी के निर्देश पर समस्त उप जिलाधिकारियों, अग्निशमन विभाग और संबंधित विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीमों द्वारा जनपद की सभी तहसीलों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बुधवार को बड़ौत के गढ़ी खत्री क्षेत्र में फायर सेफ्टी मानकों का उल्लंघन करने वाले 12 कोचिंग संस्थानों को सील किया गया। यह कार्रवाई निरंतर जारी है।जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्पष्ट किया है कि जनपद के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, कोचिंग सेंटरों, लाइब्रेरी, शॉपिंग मॉल्स, होटल्स, मैरिज लॉन्स, सिनेमा हॉल्स, बहुमंजिला इमारतों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक परिसरों का प्राथमिकता के आधार पर निरीक्षण कराया जाएगा। जो संस्थान निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सभी संस्थानों को अग्निशमन विभाग की एनओसी प्राप्त करने, पर्याप्त अग्निशमन उपकरण स्थापित करने, आपातकालीन निकास मार्ग सुनिश्चित करने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और विद्यार्थियों, मरीजों तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान एसडीएम भावन सिंह, सीओ अंशु जैन, नायब तहसीलदार विनोद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएम डैशबोर्ड कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**डीएम ने खराब प्रगति वाले अधिकारी को तत्काल सुधार के निर्देश दिए**

बागपत , जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के तहत संचालित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने उन अधिकारियों और विभागों को प्राथमिकता के आधार पर लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया जिनकी प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं है।उन्होंने कहा कि रैंकिंग जारी होने से पहले शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए। डीएम ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने विभागों से संबंधित सभी बिंदुओं की नियमित निगरानी करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष के निधन पर शोक संतृप्त परिवार से मिली केंद्रीय मंत्री

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के भारतीय जनता पार्टी अमौली मंडल के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय गौरी शंकर अवस्थी की मार्ग दुर्घटना की सूचना पाकर भारत सरकार की केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति तथा क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने मृतक के पैतृक गांव बिरनई पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार से मुलाकात करते हुए शांत्वना दिया मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अवस्थी चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात अपने निज निवास पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम के साथ वापस आ रहे थे ठीक उसी समय बिजौली मोड़ के समीप तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने बाइक में सवार पूर्व मंडल अध्यक्ष को भीषण टक्कर मार दी जहां टक्कर खाकर पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अवस्थी तथा पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम बुरी तरह घायल हुए आनन फानन दोनों घायलों को कानपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अवस्थी की सांसे थम गई वहीं पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम का उपचार अभी तक प्रारंभ है मृतक के पैतृक गांव पहुंची साध्वी निरंजन ज्योति परिजनों से मुलाकात करते हुए संबल प्रदान किया वही गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा यथासंभव सहयोग कराने का भी आश्वासन दिया वहीं मौजूद विधायक राजेंद्र पटेल अमौली मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी सोमेश्वर पटेल समेत अन्य सभी लोगों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की

# मौरम भरे ट्रक में लगी आग बाल बाल बचे चालक परिचालक

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के ललौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुआ कस्बे के समीप एक मोरम से भरे ट्रक में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई मिली जानकारी के अनुसार खदान से मोरम भरकर ट्रक चालक संतोष मौर्य निवासी फुलवामऊ थाना राधा नगर फतेहपुर की तरफ आ रहा था तभी बहुआ कस्बे के पास ट्रक के केबिन में अचानक आग लग गई देखते ही देखते ट्रक में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आनन फानन चालक संतोष मौर्य तथा गाड़ी में मौजूद खलासी गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई वही अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई जहां सूचना पाकर पहुंची विभागीय टीम के पहले ही आग बुझ चुकी थी मौके पर पहुंचे बहुआ चौकी प्रभारी अंबरीश कुमार ने बताया कि ट्रक के केबिन में सार्ट सर्किट के द्वारा अचानक आग लगी थी इसके बाद चालक परिचालक सुरक्षित है



# विदेश में जनपद के युवक की संदिग्ध हालत में हुई मौत

**भारतीय दूतावास के माध्यम से मृतक के शव को मगानें के लिए परिजनों ने की अपील**

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर।जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कीरत सिंह का पुरवा मजरे ग्राम पंचायत कापिल निवासी 24 वर्षीय सुधीर पुत्र संतोष की विदेश दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जैसे ही यह सूचना परिजनों को मिली तो हाहाकार मच गया परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कल शनिवार सुबह पहर सुधीर की मौत की सूचना मिली मृतक सुधीर लगभग 6 माह पहले दुबई गया था जहां पहुंचकर एक कॉरपोरेशन कंपनी में काम करने लगा पिछले लगभग 1 वर्ष पहले ही सुधीर का विवाह भी हुआ था इस आकस्मिक घटना से परिजनों समेत संपूर्ण गांव शोकाकुल दिखा वहीं परिजनों ने भारत सरकार तथा भारतीय दूतावास से निवेदन करते हुए मृतक के पार्थिव शरीर को मृतक के परिजनों तक पहुंचाने की अपील की



# एसडीएम कार्यालय का गेट बंद मिलने पर भड़के सपा विधायक

**अतुल प्रधान ने कहा- गेट बंद रहेगा तो जनता अपनी बात कैसे रखेगी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर दोपहर 2 बजे सरधना विधायक अतुल प्रधान तहसील पहुंचे। वहां एसडीएम कार्यालय का मुख्य गेट बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। इस दौरान उनका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि वह एसडीएम के आफिस पहुंचते हैं। वहां एसडीएम का गेट बंद होने पर उन्होंने पहले हाथ से दरवाजा खटखटाया और फिर पैर भी दरवाजे पर मारे। थोड़ी देर बाद अंदर से कोई व्यक्ति आता है और दरवाजा खोलता है।एसडीएम के कमरे में घुसते हुए विधायक ने नाराजगी जताई। कहा- क्षेत्र के लोग अपनी समस्याएं लेकर तहसील पहुंचते हैं, लेकिन यदि कार्यालय का गेट बंद मिलेगा तो आम जनता अधिकारियों तक अपनी बात कैसे पहुंचाएगी।अतुल प्रधान ने कहा कि प्रशासनिक कार्यालय जनता की समस्याओं के समाधान के लिए होते हैं और वहां आने वाले लोगों की सहज पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्था में सुधार करने और आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने की बात कही।



# जनपद में प्रारंभ हुआ पल्स पोलियो का सघन अभियान

**जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाते हुए किया शुभारंभ**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया जिला अस्पताल पहुंची जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटते हुए हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया सदर अस्पताल से पैदल रैली निकाली गई जिसमें विभाग द्वारा इस महा अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया गया कार्यक्रम में मौजूद जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि इस महा अभियान अंतर्गत सचल दल तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर-घर पोलियो ड्रॉप बच्चों को पिलाई जाएगी आज रविवार 28 जून को भी सभी शासकीय विद्यालय खोले जाएंगे जहां 28 जून बूथ दिवस को विद्यालय के सभी बच्चों के साथ-साथ क्षेत्र के सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप की खुराक प्रदान की जाएगी जिलाधिकारी ने बताया कि इसमें शून्य से 5 वर्ष तक के सभी बच्चे सम्मिलित होंगे इस महा अभियान अंतर्गत जनपद में 1280 बूथ 39 सचल टीम 256 पर्यवेक्षक 42 ट्रांजिट टीम तथा 884 घर-घर पहुंचने वाली टीम तैनात की गई है इस मौके पर रैली के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर यू बी सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीके सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सुरेश कुमार समेत भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री नर्सिंग छात्राएं डाइट में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी तथा एनसीसी कैडेट समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रही

# कोचिंग सेंटर में कहीं एग्जिट बंद, कहीं सुरक्षा इंतजाम नहीं

**मेरठ सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ ने किया निरीक्षण, नोटिस देकर खामियां दूर करने की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ 72 घंटे के विशेष जांच अभियान के दूसरे दिन प्रशासन ने कोचिंग सेंटरों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। सिटी मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव और सीओ कोतवाली संग्राम सिंह के नेतृत्व में टीम ने ईव्ज चौराहे क्षेत्र स्थित विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। दोपहर करीब 1:30 बजे शुरू हुए निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोचिंग सेंटरों में अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन एग्जिट और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच की।इस दौरान कई संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई, जिसके बाद संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ कोचिंग सेंटरों में फायर एक्सटींग्विशर निरीक्षण वाले दिन ही रिफिल कराए गए थे। वहीं कई स्थानों पर आपातकालीन एग्जिट पर कबाड़, इन्वर्टर, कूलर और अन्य सामान रखा मिला। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में ऐसे अवरोध छात्रों और कर्मचारियों के सुरक्षित बाहर निकलने में बड़ी बाधा बन सकते हैं।कार्रवाई के दौरान ईव्ज चौराहे स्थित एमआईसीआई कोचिंग तथा बुढ़ाना गेट स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल कोर्सेज को नोटिस जारी किया गया। इन संस्थानों में पर्याप्त एग्जिट प्वाइंट न होने और अन्य सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभियान के दौरान जिन संस्थानों में नियमों का पालन नहीं पाया जाएगा

# अगरबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में आग

**फैक्ट्री में कॉकरोच मारने का स्प्रे बनाया जाता था, दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,थाना टीला मोड़ के सिकन्दर पुर क्षेत्र के अशोक वाटिका गरिमा गार्डन में अगरबती बनाने वाली फैक्ट्री में दोपहर अचानक भीषण आग लग गई, मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल कर्मियों को इसकी सूचना दी, आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग मौके के लिए रवाना हुआ।घटना स्थल पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, आग की गंभीरता को देखते हुए फायर स्टेशन से दमकल की दो अतिरिक्त गाड़ी मंगाई गई, फैक्ट्री में केमिकल होने के कारण आग बुझाने में परेशानी आ रही थी। दरअसल फैक्ट्री में मच्छर मारने अगरबत्ती, कॉकरोच मारने का स्प्रे जैसे ज्वलनशील पदार्थों का निर्माण होता है, रोज की तरह ही आज भी मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे लेकिन अचानक फैक्ट्री में में आग लग गई, आग लगते ही मौके पर अफरातफरी मच गई।फैक्ट्री में आग लगने से इलाके में भयंकर धुएं का गुबार देखा गया जिसके कारण आस पास के लोगों को सांस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, आग लगने से लाखों का बना और अधबना माल जलकर राख हो गया है, आग लगने के बाद फैक्ट्री में मौजूद लोग मौके से फरार हो गए।फिलहाल एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की तीन गाड़ियों ने आग को बुझा दिया गया है, दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है और फैक्ट्री मालिक की जानकारी की जा रही है।

# लड़की को एक्सयूवी से उठा ले गए बदमाश

**रात 11 बजे वारदात, स्कूटी सवारों ने पीछा किया तो टक्कर मारी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, बदमाश एक लड़की को वश कार से उठा ले गए।ब्रह्मपुरी मेट्रो स्टेशन के पास देर रात करीब 11.30 बजे कार से आए बदमाशों ने लड़की को कार में घसीट लिया। लड़की चीखने-चिल्लाने लगी। चीख-पुकार सुनकर स्कूटी सवार लड़कों ने पीछा किया। पकड़े जाने के डर से बदमाशों ने कार भगानी शुरू की।हड़बड़ी में स्कूटी को टक्कर मार दी। फिर स्पीड बढ़ाकर फरार हो गए। लड़कों ने उसका पीछा किया।लड़कों ने दावा किया कि जब हम कार का पीछा कर रहे थे, तब कार का गेट खुला हुआ था।लड़की जोर-जोर से चिल्ला रही थी।मदद की गुहार लगा रही थी। लेकिन, कार की स्पीड तेज होने की वजह से हम रिठानी तक ही उसका पीछा कर पाए। फिर वश परतापुर की ओर मुड़ गई। फिर हमने पुलिस को वारदात की सूचना दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं। शुरूआती जांच में पुलिस ने किडनैपिंग की बात से इनकार किया है।पुलिस का कहना है कि मामले का खुलासा कार को बरामद करने के बाद किया जाएगा।सरस्वती लोक के रहने वाले रोहित कपूर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया- मंगलवार रात को अपने साथी एकांश गोयल के साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ऑफिस से घर लौट रहा था। एक कार ब्रह्मपुरी मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी। हमने उसे क्रॉस किया।तभी पीछे से आवाज आई कि देखो, लेडीज उठा ली। पकड़ो-पकड़ो।इतने में तेज रफ्तार कार हमारे पास से गुजरी। मैंने किसी तरह स्कूटी बचाई और साइड किया।स्कूटी हल्का स्लिप भी हुई।खुद को संभालकर देखा तो कार का गेट खुला था। पीछा किया तो अंदर से बचाओ-बचाओ की आवाज आ रही थी।जब मैंने देखा तो मेरे से गाड़ी दूर होती जा रही है तो मैं रुक गया। मैंने नंबर देखा कि कार का नंबर ..... 7060 था। बीच का नंबर देख नहीं पाया।रोहित ने बताया कि हमने करीब 3 ह्वे तक हमने गाड़ी का पीछा किया। इस दौरान हमने वीडियो भी बनाया। आरोपी वश का गेट खुला छोड़कर गाड़ी दौड़ाते रहे। जब वश हमारी पहुंच से दूर काफी आगे निकल गई, तो पुलिस को घटना की सूचना दी।

**सीसीटीवी में लड़की उसी गाड़ी से उतरती दिखी**

एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने कहा- सीसीटीवी फुटेज देखे गए। वश कार थाना टीपी नगर क्षेत्र से गुजरी थी। कार में पहले से ही एक महिला और बच्चा मौजूद था। जब कार ब्रह्मपुरी मेट्रो स्टेशन पर पहुंची और दरवाजा खुला तो आसपास के लोगों ने गाड़ी में झगड़े की आवाजें सुनी थीं। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीपी नगर और ब्रह्मपुरी थाने से कुल चार टीमें गठित कर दी हैं।हमारी स्वाट टीम गाड़ी की तलाश कर रही हैं।

# ग्रेटर नोएडा में दो कोचिंग सेंटर सील

**फायर एग्जिट डोर न होने पर कार्रवाई, 5 का हुआ निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ,अलीगंज में हुए अग्निकांड के बाद गौतमबुद्ध नगर में जिला प्रशासन, फायर विभाग और पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर हैं। इसी क्रम में आज ग्रेटर नोएडा में पांच कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से दो को सील कर दिया गया। आज जिला प्रशासन और फायर विभाग की टीम ने ग्रेटर नोएडा के कमर्शियल बेल्ट में चल रहे कोचिंग सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक कोचिंग सेंटर में फायर एग्जिट डोर नहीं मिला, जिसके बाद जिला प्रशासन की टीम ने उसके कमरों को सील कर दिया। वहीं, दूसरे कोचिंग सेंटर में भी कई अनियमितताएं पाई गईं।जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशों पर जिले में लगातार अभियान जारी है और यह आगे भी जारी रहेगा। जिन कोचिंग सेंटरों में आग से संबंधित अनियमितताएं मिल रही हैं, उन्हें सील किया जा रहा है ताकि बच्चों की जान सुरक्षित रह सके। उपजिलाधिकारी अभय सिंह ने जानकारी दी कि कमर्शियल बेल्ट की इस बिल्डिंग में कुल पांच कोचिंग सेंटर थे।

# 5 हजार दुकानें-50 होटल, 1 लाख लोग रोज आते हैं

**नोएडा के अट्टा बाजार में संकरी गलियां-रास्ते चोक, आग से बचाव के उपकरण नहीं मिले**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,सबसे बड़ा कॉमर्शियल बाजार अट्टा। सुबह से देर रात तक यहां भीड़ रहती है। कपड़े, जूलरी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेस्टोरेंट और होटल... हर तरह का कारोबार यहां है। रोजाना करीब एक लाख लोग इस बाजार में पहुंचते हैं। लेकिन करोड़ों के कारोबार वाले इस बाजार में अगर आग लग जाए तो लोगों का बाहर निकलना और दमकल का अंदर पहुंचना सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है।दमकल की गाड़ी अंदर कैसे पहुंचेगी ?पूरे बाजार में ऐसा कोई चौड़ा रास्ता नजर नहीं आया, जहां से दमकल की बड़ी गाड़ियां आसानी से अंदर पहुंच सकें। नियमानुसार सर्विस रोड की जरूरत है, लेकिन कई हिस्सों में अतिक्रमण और अस्थायी निर्माण के कारण रास्ते सिमट चुके हैं। यदि किसी इमारत में आग लगती है तो राहत और बचाव अभियान बड़ी चुनौती बन सकता है।पड़ताल के दौरान कई ऐसी दुकानें भी दिखाई दीं, जहां गैस रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक इन दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। बाजार के भीतर ज्वलनशील सामान की भरमार होने के कारण एक छोटी चूक भी बड़े हादसे में बदल सकती है।यहां पहले भी हो चुकी हैं घटनाएंपूरे बाजार के ऊपर बिजली के तारों का जाल फैला है। दुकानदार बताते हैं कि शॉर्ट सर्किट की घटनाएं यहां आम हैं। कई बार छोटी आग और धुआं उठने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है पूरे बाजा एक-एक इमारत में कई होटल, फायर सिस्टम नदारदअट्टा बाजार में 50 से ज्यादा होटल और गेस्ट हाउस संचालित हैं।

# नौकरी दिलाने वाले 5 ठग गिरफ्तार

**कंपनी का डाटा चोरी कर जॉब-ट्रेनिंग का झांसा देते, बिहार-महाराष्ट्र और यूपी में हुई एफआईआर**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा,साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कंपनियों में नौकरी और प्रशिक्षण दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को सेक्टर-63 से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नौ मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 17 सिम कार्ड, चार डेबिट कार्ड, दो कंपनी मोहर, चेक बुक, पासबुक और कॉलिंग डाटा बरामद किया है।साइबर क्राइम पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह का खुलासा किया। जांच में सामने आया कि आरोपी अन्य कंपनियों का डाटा चोरी कर कॉल के माध्यम से लोगों को नौकरी और ट्रेनिंग का झांसा देकर ठगी करते थे। सभी आरोपी ग्रेजुएट गिरफ्तार आरोपियों की पहचान एटा निवासी आदित्य चौहान (20), दिल्ली निवासी सुमित कुमार (19), कानपुर नगर निवासी सूरज गुप्ता (23), फिरोजाबाद निवासी रिषभ (20) और सुल्तानपुर निवासी गौरव पाठक (23) के रूप में हुई है।इनमें आदित्य और सूरज बीसीए, रिषभ बीएससी और गौरव बीए तक शिक्षित हैं।पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र में कुल पांच शिकायतें दर्ज हैं।इनमें एक शिकायत उत्तर प्रदेश, एक बिहार और तीन महाराष्ट्र से संबंधित हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रह्लाद चरित्र का सुनाया गया प्रसंग

अमन लेखनी समाचार



झांसी। खाती बाबा मंदिर प्रांगण बचावली बुजुर्ग बड़ागांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद चरित्र, भरत चरित्र, हिरणकश्यप बध, नरसिंह अवतार व समुद्र मंथन का वर्णन किया गया। बुन्देलखण्ड के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्ण बिहारी तिवारी (टिंकू महाराज भरसूडा वाले कोटरा) ने कहा कि आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता है। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया, तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है। यह सुनकर हिरण्यकश्यप ने अपनी आंखें खोली और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भागवत विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण करके जिसका मुख शेर का व धड़ मनुष्य का था। कथा की आरती परीक्षित गीता देवी, प्रदीप कुशवाहा ने की। इस मौके पर श्रीमद् भागवत महापुराण का पूजन व पाठ संजय महाराज चित्रकूट धाम, अमित महाराज कोटरा ने किया। कथा की अध्यक्षता अरविंद श्रीवास्तव, भगत जी सोप्ता भांडेर ने की। कथा व्यास के साथ संगीत में फौजी सम्राट डिकोली, हरनारायण ढोलक झबरा, सुनील गौतम उरई ने पैड पर संगत की। इस मौके पर कमला देवी, रमेशचन्द्र कुशवाहा, कुसुम, छाया देवी, कोमल सिंह, गंगादेवी, गोपीलाल कुशवाहा, प्रेमवती, परशुराम कुशवाहा एवं समस्त कुशवाहा परिवार (बचावली बुजुर्ग उपस्थित रहा।

# एनटीपीसी धनवन्तरी अस्पताल में जवानों ने किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार




बीजपुर (सोनभद्र) एनटीपीसी रिहंद के धनवंतरी अस्पताल परिसर में शुक्रवार को आयोजित रक्तदान शिविर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने मानवता की सेवा में अपना योगदान देते हुए बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। यह शिविर विशेष रूप से जीवन रक्षक उद्देश्यों के साथ आयोजित किया गया था।शिविर का नेतृत्व उप कमाण्डेंट प्रकाश द्वारा किया गया। जवानों को संबोधित करते हुए उप कमाण्डेंट ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया और इसे महादान बताते हुए सभी को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर हम किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा में बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। इस शिविर में केऔसुब के कुल 18 बल सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से सहायक कमाण्डेंट पी. शिवा राव, आरक्षी निरीक्षक एम.पी. यादव, निरीक्षक पी.के. गोराई, निरीक्षक (अग्नि) रामाज्ञा मौर्या और आसूचना प्रभारी उप निरीक्षक दीपक कुमार पांडेय सहित अन्य बल सदस्य शामिल रहे।एनटीपीसी धनवंतरी अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए चिकित्सा अधिकारियों ने इसे एक सराहनीय कदम बताया।

# आकाशीय बिजली ने छीनी मासूम की जिंदगी, युवक गंभीर; गांव में पसरा मातम

अमन लेखनी समाचार



कोन (सोनभद्र)। कोन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचनरवा के असनाबांध टोला में शुक्रवार शाम करीब छह बजे हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली (वज्रपात) ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। वज्रपात की चपेट में आने से 8 वर्षीय मासूम बालक आवेश तिग्गा पुत्र पप्पू तिग्गा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गांव के ही रामनाथ पुत्र जगदेव गंभीर रूप से झुलस गए। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बारिश के बीच अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों आ गए। हादसा इतना भीषण था कि आवेश तिग्गा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल रामनाथ को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोन पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनकी पीठ पर वज्रपात से गंभीर चोट होने की पुष्टि करते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक बालक की मां प्रार्थिनी कुरमी देवी ने पुलिस को दी गई सूचना में बताया कि उनका पुत्र शुक्रवार शाम बकरी चराने गया था। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली (वज्रपात) की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। सीएचसी कोन के प्रभारी डॉ. जे.पी. सिंह ने बताया कि 8 वर्षीय बालक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत्यु हो चुकी थी, जबकि गंभीर रूप से घायल रामनाथ को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं कोन थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृत बालक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे असनाबांध टोला में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी राहत दिलाने की मांग प्रशासन से की है। लगातार हो रहे वज्रपात की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास जाने से बचने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

खास समाचार

## ज्वैलर्स व्यवसायी को नकली पिस्तौल दिखाकर लूटपाट करने आए दो लुटेरे की कोशिश हुई नाकाम

अमन लेखनी समाचार

नालासोपारा पूर्व के नागिनदास पाड़ा इलाके में दिनदहाड़े लूट करने की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां दो अज्ञात बदमाशों ने एक ज्वैलर्स व्यवसायी को नकली पिस्तौल दिखाकर डराने और लूटपाट करने की कोशिश किया। जहाँ दुकानदार ने सूझबूझ और साहस से लुटेरों का डटकर मुकाबला किया, जिसके चलते उन्हें आरोपियों को खाली हाथ मौके से फरार होना पड़ा। यह पूरी घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और स्थानीय दुकानदारों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 25 जून 2026 की दोपहर लगभग 12:30 बजे की है। वैकुंठ नगर के निवासी और मूल रूप से राजस्थान के पाली जिले के नाडोल गांव के रहने वाले 52 वर्षीय भोलाराम खीमाराम चौधरी अपनी दुकान, नीलम ज्वैलर्स, में बैठे थे। तभी दो अज्ञात युवक ज्वेलरी खरीदने के बहाने दुकान के अंदर प्रवेश किए। जैसे ही दुकानदार ने उन्हें दिखाने के लिए सोने के झुमके निकाले, टोपी पहने हुए एक युवक ने अचानक अपनी जेब से रिवॉल्वर निकाली और व्यवसायी के सिर पर तान दी। लुटेरे ने उन्हें चुप रहने की धमकी दी और गहनों की ट्रे छीनने का प्रयास किया। लेकिन भोलाराम खीमाराम चौधरी ने हिम्मत करके उनसे लड़ते हुए जोर जोर से चिल्लाने लगा जिससे डर करके लुटेरे फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करके दोनों आरोपीयो को पकड़ने के लिए सीसी टीवी खंगाल रहे है।

## आंधी-तूफान से गिरा किलोमीटर बोर्ड, यूपी-झारखंड को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर कुछ देर बाधित रहा आवागमन

अमन लेखनी समाचार

कोन (सोनभद्र)। शुक्रवार को कोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोदर गांव के पास तेज आंधी और बारिश के दौरान सड़क किनारे लगा किलोमीटर (दिशा-सूचक) बोर्ड अचानक गिर गया। बोर्ड सड़क पर गिरने से उत्तर प्रदेश और झारखंड को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हो गया। घटना के बाद दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की रफ्तार थम गई और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल प्रशासन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। कर्मचारियों ने बिना देर किए सड़क पर गिरे बोर्ड को हटाने का कार्य शुरू कराया, जिससे कुछ ही समय में मार्ग को पूरी तरह साफ कर दिया गया और यातायात दोबारा सामान्य रूप से शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई, वह मार्ग उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार के बीच आवागमन का प्रमुख संपर्क मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन, मालवाहक ट्रक, बसें तथा निजी वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क पर किसी भी प्रकार की बाधा से लंबा जाम लगने की आशंका बनी रहती है। हालांकि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई और बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना के दौरान किसी प्रकार की जनहानि या वाहन क्षति की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा के कारण सड़क किनारे लगा किलोमीटर बोर्ड अपनी जगह से उखड़कर सड़क पर गिर गया था। यदि समय रहते उसे नहीं हटाया जाता तो रात के समय आने-जाने वाले वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते थे। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन एवं पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई और बिना किसी देरी के मार्ग को साफ कराकर आवागमन बहाल कराया। लोगों ने मांग की कि मुख्य मार्गों पर लगे पुराने और कमजोर दिशा-सूचक बोर्डों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में आंधी-तूफान के दौरान इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# हरदोई में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापना की मांग, ऊर्जा मंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

**महाराणा प्रताप सेना ने कहा— जनसहयोग से प्रतिमा स्थापित कराने को तैयार, प्रशासन से केवल स्थान व अनुमति की अपेक्षा**

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। महाराणा प्रताप सेना ने हरदोई शहर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन प्रेषित किया है। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजवर्धन सिंह परमार के निर्देश पर भेजे गए इस पत्र में महाराणा प्रताप के अद्वितीय शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए शहर के किसी प्रमुख चौराहे अथवा सार्वजनिक स्थल पर उनकी प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि मातृभूमि की रक्षा, आत्मसम्मान और त्याग के अमर प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा और स्वाभिमान का संदेश देते हैं। संगठन का मानना है कि हरदोई जैसे ऐतिहासिक जनपद में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होने से न केवल उनके बलिदान का सम्मान होगा, बल्कि शहर की सांस्कृतिक गरिमा और सौंदर्य में भी वृद्धि होगी। महाराणा प्रताप सेना ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि प्रतिमा स्थापना में आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है तो वह स्वयं तथा जनसहयोग के माध्यम से प्रतिमा स्थापित कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रशासन से केवल उपयुक्त स्थान के चयन तथा आवश्यक अनुमति (एनओसी) उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि सरकार एवं प्रशासन जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सकारात्मक निर्णय लेंगे, जिससे हरदोई में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होकर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, साहस और स्वाभिमान की प्रेरणा देती रहे।

# देवाटन मोड़ पर शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मोहर्रम, ताजिया मिलान में उमड़ी भीड़,

अमन लेखनी समाचार



कोन (सोनभद्र)। कोन थाना क्षेत्र के देवाटन मोड़ पर शुक्रवार को मोहर्रम का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। शोक और बलिदान की याद में मनाए जाने वाले इस पर्व पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से ताजिए देवाटन मोड़ पहुंचे, जहां उनका पारंपरिक रूप से मिलान कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में अनुशासन, आपसी सौहार्द तथा गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल देखने को मिली। मोहर्रम के अवसर पर युवाओं ने पारंपरिक करतबों और हैरतअंगेज खेल-कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए दूर-दराज के गांवों से भी लोग पहुंचे। ताजियों के साथ निकले जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे आयोजन के दौरान मातमी माहौल बना रहा और लोगों ने पूरी श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ पर्व मनाया। देवाटन मोड़ पर आसपास के अनेक गांवों से आए ताजियों का मिलान आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों में एकता और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। वहीं बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग भी आयोजन में मौजूद रहे और उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। दोनों समुदायों के लोगों की सहभागिता ने क्षेत्र की सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा को एक बार फिर मजबूत किया। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए कोन थाना पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। देवाटन मोड़ सहित संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे और जुलूस की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। सुरक्षा व्यवस्था के कारण पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर सुरक्षा इंतजामों के कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। देर शाम तक ताजिया मिलान और अन्य धार्मिक रस्में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुईं। मोहर्रम का यह आयोजन एक बार फिर इस बात का संदेश दे गया कि क्षेत्र में धार्मिक विविधता के बावजूद आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता की भावना आज भी मजबूत है। यही कारण है कि हर वर्ष देवाटन मोड़ पर आयोजित ताजिया मिलान बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करता है और क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आता है।

# नीलगाय के हमले में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत, विधायक ने परिजनों को बंधाया ढांढस

अमन लेखनी समाचार



हाटा, कुशीनगर। हाटा विकासखंड के सकरौली गांव निवासी 55 वर्षीय मदन साहनी की नीलगाय के हमले में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर हाटा विधायक मोहन वर्मा मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार, 23 जून को मदनपाल साहनी किसी कार्य से गांव से बाहर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक नीलगाय के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान 25 जून को उनकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार के बाद हाटा विधायक मोहन वर्मा नायब तहसीलदार हाटा सुनील सिंह व तहसील प्रशासन के अधिकारियों एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ मृतक के आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए संबंधित अधिकारियों से शासन की ओर से अनुमन्य आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान ग्राम प्रधान अवनीश जायसवाल उर्फ लड्डू जायसवाल, इंद्रजीत भाटिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# रायबरेली बना बिहार का पटना चाकुओं से गोदकर दामाद की हत्या

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद रायबरेली ! प्रदेश की राजधानी में स्थित जनपद रायबरेली पटना का बिहार बनता जा रहा है जिले में अपराधियों में खाकी का खौफ खत्म होता जा रहा है और जनपद में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई गई है नतीजा आए दिन जगन्न अपराध जैसे चोरी लूट मारपीट छेड़खानी और बलात्कार जानलेवा और हत्या आम बात हो गई है बताते चलें कि नसीराबाद थाना क्षेत्र गांव दुर्गा सिंह मजरे कुंवरमऊ में एक युवक की बीती रात चाकुओं से गोदकर हत्या का सनसनी मामला सामने आया है बताया जाता है कि यह हत्या जमीनी बिवाद को लेकर की गई है घटना के पहले गुरुवार को दो बार मारपीट की बात सामने आई है पहले कहां सुनी दूसरी बार मारपीट में मृतक के सिर पर गंभीर चोटे आई थी जिसकी प्राथमिक दर्ज है मृतक की पत्नी नीतू सिंह द्वारा थाने में दी गई तहरीर मे आरोप लगाया गया कि मारपीट की रिपोर्ट दर्ज और मेडिकल कराने के बाद देर शाम समय करीब 9:30 बजे पति वीरेन्द्र सिंह घर वापस आ रहे थे जैसे ही गांव के पास मोड़ पर पहुंचे तो पहले से घात लगाए बैठे गांव के तेज बहादुर सिंह पुत्र अज्ञात रीता सिंह पत्नी तेज बहादुर व मीरा सिंह एवं एक अज्ञात व्यक्ति यह सभी लोगों ने धारदार हथियार और लाठी डंडों से जान जानलेवा हमला कर दिया जिससे मेरे पति के शरीर में गंभीर चोटें आई और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई मारपीट के दौरान गांव के अमरेश पुत्र छोटेलाल अंकित पुत्र बनवारी लाल समर बहादुर सिंह उसी रास्ते से आ रहे थे इन लोगों ने पूरी घटना को देखा है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया

## एसडीएम और पुलिस चेत जाते तो ना होती हत्या

नसीराबाद रायबरेली !रिपोस्टिंग पाकर खुश होने वाले सलोन एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी शायद क्षेत्र में बिवाद कराने के लिए ही वापस लौटकर आए हैं एसडीएम व स्थानीय पुलिस की अनसुनी के चलते मृतक के मामा समर बहादुर सिंह की माने तो वारदात के पहले करीब तीन दिनो से विवाद चल रहा था 112 पर लगातार शिकायत की जा रही थी इससे पहले सलोन एसडीएम और पुलिस से जमीन का निस्तारण के लिए शिकायत की गई थी जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा समय आने पर निस्तारण कराने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया गया था अगर समय से दोनों बिभाग चेत जाते तो आज बीरेंद्र सिंह की इतनी बेहरमी से हत्या ना होती

## रंजिश बनी हत्या मासूमों के सिर से उठा साया

नसीराबाद रायबरेली !घटनाक्रम के मुताबिक मृतक लगभग 15 वर्ष पूर्व नीतू सिंह को जीवन साथी चुना और दोनों के बीच तीन बच्चे बेटी निसी 8 वर्ष अभिजीत 6 वर्ष और अभी 4 वर्ष के सिर से पिता का साया इतना दूर चला गया जो शायद सपनों में कभी कभार ही मिलें मृतक की ससुराल गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर है सूत्रों की माने तो मृतक की पत्नी की नानी रामपती अपने दोनो नातिनो के नाम जमीन लिख दिया है जिसमें एक मृतक की पत्नी नीतू सिंह और दूसरी रीता फुरसतगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली नातिन सामिल है आरोप है कि उपरोक्त जमीन का बटवारा नहीं हुआ और मृतक का ससुर जमीन पर निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया था

# आनंद कुमारी परिहार बनीं खंगार क्षत्रिय समाज सेवा समिति की राष्ट्रीय महामंत्री

अमन लेखनी समाचार



झांसी। खंगार क्षत्रिय समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश नन्ना एवं राष्ट्रीय संरक्षक कप्तान सिंह सहसरी ने भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री आनंद कुमारी परिहार को समिति के राष्ट्रीय महामंत्री (महिला मोर्चा) पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि आनंद कुमारी परिहार लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि आनंद कुमारी परिहार अपने नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देंगी और खंगार क्षत्रिय समाज को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर आनंद कुमारी परिहार ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश नन्ना एवं राष्ट्रीय संरक्षक कप्तान सिंह सहसरी सहित समस्त नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी तथा समाजहित और संगठन विस्तार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्योति परिहार, प्रदेश अध्यक्ष नीता परिहार, संगठन मंत्री आरती परिहार, ललितपुर की जिला अध्यक्ष शीलू परिहार, करेरा की जिला अध्यक्ष ऊषा परिहार सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंडियन प्रेस एसोसिएशन पहल पर दिवंगत बच्चों की स्मृति में कैंडल प्रज्वलन




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर, लखनऊ के कोचिंग अग्निकांड में जान गंवाने वाले बच्चों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सभा के अंत में सभी ने दिवंगत बच्चों की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आदर्श कुमार श्रीवास्तव राजेश कुमार श्रीवास्तव आदित्य आचल श्रीवास्तव संजय कुमार गुप्ता के के श्रीवास्तव अरुण कुमार श्रीवास्तव दिनेश कुमार श्रीवास्तव दिनेश कुमार मोदी रवि प्रकाश श्रीवास्तव दिवाकर चौधरी सौम्या गुप्ता महेश शरण श्रीवास्तव पुनीत भारद्वाज नंदलाल निषाद विवेक अस्थाना संजय त्यागी शमशेर शाहरुख धर्मेंद्र श्रीवास्तव परशुराम विश्वकर्मा विपिन कुमार श्रीवास्तव मारकंडे पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

नई दिल्ली। नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

## लाइफ Style

# संचिता



## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बसु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौंवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

## हॉलीवुड मसाला



# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

नई दिल्ली। ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

लॉस एंजिल्स। सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल जिंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

नई दिल्ली। साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

## टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

नई दिल्ली। अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र



दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।

# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ▶▶ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्प्लेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म

# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।